वर्ष 17
अंक 29
14 पृष्ठ
मूल्य 5 रुपये

बुधवार, 20 मार्च 2024
कोलकाता, चंडीगढ़, **नई दिल्ली**, भोपाल, मुंबई और लखनऊ से प्रकाशित।

भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार www.bshindi.com

# बिज़नेस स्टैंडर्ड



पृष्ठ 3
**सरकारी बॉन्डों पर रीझ रहे डेट फंड प्रबंधक**

कैंपबेल विल्सन पृष्ठ 2
**'एयर इंडिया की कमजोरी से कई कंपनियां बच गईं'**



डॉलर रु. 83.0 ▲ 10 पैसे | यूरो रु. 90.0 ▼ 40 पैसे | सोना (10 ग्राम) रु. 65326 ▼ 24 रु. | सेंसेक्स 72012.0 ▼ 736.40 | निफ्टी 21817.40 ▼ 238.30 | निफ्टी फ्यूचर्स 21886.50 ▲ 69.10 | ब्रेंट क्रूड 86.90 ▲ 0.20 डॉलर

## एक नज़र

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.90 लाख करोड़ रुपये

आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.88 फीसदी बढ़कर 18.90 लाख करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में कॉर्पोरेट कर, आयकर और प्रतिभूति लेनदेन कर शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष में अभी तक करदाताओं को 3.37 लाख करोड़ रुपये का रिफंड दिया गया है।सकल आधार पर कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 18.74 फीसदी बढ़कर 22.27 लाख करोड़ रुपये रहा।

### रामदेव, बालकृष्ण को कोर्ट में पेश होने का निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके चिकित्सकीय प्रभावों के विज्ञापनों से संबंधित अवमानना कार्यवाही के मामले में मंगलवार को योगगुरु रामदेव और कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से व्यक्तिगत रूप से उसके समक्ष पेश होने को कहा। अदालत ने कंपनी और बालकृष्ण को पहले जारी किए गए अदालत के नोटिसों का जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्हें नोटिस जारी कर पूछा गया था कि अदालत को दिए गए वचन का प्रथम दृष्टया उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए।


### निवेशकों को साधेगी वोडा आइडिया

रकम जुटाने की नई कवायद के तहत वोडाफोन आइडिया (वी) के अधिकारी बुधवार को सिंगापुर में संस्थागत निवेशकों से मुलाकात करेंगे। कंपनी ने यह जानकारी दी है। दूरसंचार कंपनी ने कहा कि वह बुधवार को सिंगापुर में संस्थागत निवेशकों के साथ बैठके करेगी। इसी तरह की बैठक गुरुवार और शुक्रवार को मुंबई में भी होगी। पृष्ठ 2

# आईटी में बिकवाली बाजार पर भारी

## आईटी शेयरों में गिरावट और फेड की बैठक से पहले निवेशकों में घबराहट से लुढ़का बाजार

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 19 मार्च



**सूचकांकों में बड़ी गिरावट**

| | 19 मार्च* | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,012 | 1.0 |
| निफ्टी | 21,817 | 1.1 |
| बीएसई मिडकैप | 37,743 | 1.4 |
| बीएसई स्मॉलकैप | 41,546 | 1.0 |

| निफ्टी सूचकांक | 19 मार्च* | गिरावट |
|---|---|---|
| निफ्टी आईटी | 35,815 | 2.9 |
| निफ्टी मीडिया | 1,798 | 2.5 |
| निफ्टी फार्मा | 18,406 | 2.2 |
| निफ्टी एमएमसीजी | 52,741 | 2.2 |

नोट : *19 मार्च को बंद स्तर, गिरावट सोमवार के मुकाबले फीसदी में

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईटी शेयरों में तेज गिरावट के कारण बेंचमार्क सूचकांक आज 1 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिन की की बैठक शुरू होने से पहले निवेशकों में घबराहट के कारण भी बाजार में गिरावट देखी गई।

सेंसेक्स 736 अंक के नुकसान के साथ 72,012 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 238 अंक की गिरावट के साथ 21,9817 पर बंद हुआ। निफ्टी का यह 13 फरवरी के बाद और सेंसेक्स का 14 फरवरी के बाद सबसे निचला बंद स्तर है। आज की गिरावट के बाद सेंसेक्स का इस साल अभी तक का रिटर्न ऋणात्मक हो गया है। निफ्टी मिडकैप 100 में 1.24 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप में 1.2 फीसदी गिरावट आई। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4.8 लाख करोड़ रुपये घटकर 374 लाख करोड़ रुपये रह गया।

बाजार की गिरावट में सबसे ज्यादा हाथ आईटी शेयरों का रहा। टीसीएस का शेयर 4 फीसदी से ज्यादा टूट गया और सेंसेक्स तथा निफ्टी को सबसे ज्यादा नुकसान इसी की वजह से हुआ। टाटा संस द्वारा करीब 9,300 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जाने से टीसीएस में गिरावट आई। टीसीएस का शेयर 4.04 फीसदी गिरकर 3,978 रुपये पर बंद हुआ और बंबई स्टॉक एक्सचेंज पर टीसीएस के 10,311 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीद-बिक्री हुई।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति की घोषणा भी कल होनी है, जिस पर निवेशकों की निगाहें टिकी हैं। अमेरिका का केंद्रीय बैंक दरों को जस का तस रख सकता है मगर मुद्रास्फीति के आंकड़े अनुमान से ज्यादा रहने के कारण ब्याज दर लंबे अरसे तक ऊंची बनी रहने का डर भी सता रहा है। बाजार के भागीदारों ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक स्थिति का सबसे ज्यादा असर आईटी शेयरों पर पड़ा है। निफ्टी आईटी सूचकांक करीब 3 फीसदी टूट गया। एचसीएल टेक, विप्रो और एमफैसिस में 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई।

अवेंडस कैपिटल अल्टरनेट स्ट्रैटजीज के सीईओ एंड्रयू हॉलेंड ने कहा, 'पिछले सप्ताह आईटीसी में बड़ी हिस्सेदारी बेची गई थी और इस सप्ताह टीसीएस में हिस्सा बिका है। इन बड़े सौदों से बाजार में तरलता कम हो जाती है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती पर जारी बहस की दिशा भी बदल गई थी। हाल के आर्थिक आंकड़ों को देखकर फेडरल रिज़र्व का रुख अधिक सतर्क हो सकता है।'

इस बीच बैंक ऑफ जापान ने पिछले 17 वर्षों में पहली बार ब्याज दरें बढ़ाई हैं। हॉलैंड ने कहा कि ज्यादातर लोगों को पहले ही लग रहा था कि बैंक ऑफ जापान दरें बढ़ाएगा मगर उसने आगे के लिए अपना रुख नरम ही रखा है।

विश्लेषकों का कहना है कि अगले महीने से आने वाले कंपनियों के वित्तीय नतीजे और चुनाव से जुड़ी खबरें कुछ समय तक बाजार की दिशा तय करेंगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेस में शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'हमें लगता है कि बाजार का मिजाज गंभीर रहेगा क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व पर सबकी निगाहें होंगी।'

# प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के संकेत

मनोजित साहा
मुंबई, 19 मार्च




## अर्थव्यवस्था की स्थिति पर रिपोर्ट

- मुद्रास्फीति को देखते हुए जोखिम घटाने पर बना रहे मौद्रिक नीति का ध्यान
- घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण से प्रति व्यक्ति आय में महत्त्वपूर्ण बदलाव के संकेत
- मुद्रास्फीति को 4 फीसदी के भीतर लाने के लक्ष्य में अड़चन है खाद्य कीमतों की उठापटक

**फरवरी** में खुदरा मुद्रास्फीति चढ़ी है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की राय में मौद्रिक नीति का पूरा जोर जोखिम कम करने पर ही होना चाहिए ताकि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के मुताबिक घटाकर 4 फीसदी पर लाया जा सके। अर्थव्यवस्था की स्थिति पर आज जारी अपनी रिपोर्ट में केंद्रीय बैंक ने परिवारों के उपभोग खर्च का हवाला देते हुए यह भी कहा कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है।

रिपोर्ट के अनुसार मुद्रास्फीति में गिरावट आ रही है मगर खाद्य कीमतों में थोड़ी-थोड़ी अवधि के लिए आने वाली तेजी मुख्य मुद्रास्फीति को 4 फीसदी के लक्ष्य तक तेजी से नहीं गिरने दे रही है। रिपोर्ट आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्र और अन्य कर्मचारियों ने तैयार की है। इसमें कहा गया है, 'महंगाई में गिरावट आ रही है। खाद्य कीमतें बार-बार नहीं चढ़तीं तो मुख्य मुद्रास्फीति लगातार घटती रहती और मुद्रास्फीति को घटाकर 4 फीसदी पर लाने का लक्ष्य ज्यादा जल्दी तथा तेजी से हासिल हो जाता।' रिपोर्ट में कहा गया है कि उसमें दिए विचार केंद्रीय बैंक का रुख नहीं दिखाते हैं। रिपोर्ट कहती है, 'जनवरी और फरवरी की खुदरा मुद्रास्फीति बताती है कि सर्दियों में सब्जियों के दाम में आई गिरावट बरकरार नहीं रही। अनाज महंगे ही हैं।' (शेष पृष्ठ 4 पर)

### आज का सवाल

क्या चुनावों के दौरान सोशल मीडिया मंचों को करनी चाहिए पुख्ता निगरानी?

www.bshindi.com पर राय भेजें।
आप अपना जवाब एसएमएस भी कर सकते हैं। यदि आपका जवाब हां है तो Y और यदि न है तो N लिखकर 57007 पर भेजें।

**पिछले सवाल का नतीजा**
क्या निवेश के ठंडे दौर से उबरेंगी स्टार्टअप फर्में?

हां 70% | नहीं 30%




## एनएचएआई ने इनविट से जुटाए 16,000 करोड़ रु.

**नैशनल** हाईवेज इन्फ्रा ट्रस्ट (एनएचआईटी) ने रकम जुटाने का तीसरा चरण मंगलवार को पूरा कर लिया। इसके जरिये उसने करीब 16,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र की परिसंपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत यह कवायद पूरी की गई। एनएचआईटी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) है। अब तक के सबसे बड़े इनविट के लिए ठेका फरवरी में दिया गया था और चालू वित्त वर्ष पूरा होने से पहले ही लेनदेन पूरा हो गया है। मुद्रीकरण के तीसरे चरण में एनएचआईटी ने बड़े घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से 7,272 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसके अलावा भारतीय बैंकों से 9,000 करोड़ रुपये कर्ज लिए हैं। *बीएस*

## दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी, बेगूसराय सबसे प्रदूषित शहर

**वायु** गुणवत्ता की लगातार खराब होती स्थिति के बीच पिछले साल भारत 134 देशों में तीसरा सबसे प्रदूषित देश आंका गया था। स्विट्जरलैंड की संस्था आईक्यू एयर की 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट-2023' के अनुसार औसत वार्षिक पीएम2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ भारत की स्थिति केवल अपने पड़ोसी देशों बांग्लादेश और पाकिस्तान से ही बेहतर है। प्रदूषण के मामले में औसत पीएम2.5 सांद्रता 79.9 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के साथ बांग्लादेश दुनिया में पहले नंबर पर है। रिपोर्ट के अनुसार लगातार चौथे वर्ष दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। बेगूसराय सबसे प्रदूषित शहर रहा जबकि पिछले साल यह वायु गुणवत्ता रैंकिंग में भी शामिल नहीं था, उसमें औसत पीएम2.5 सांद्रता 118.9 माइक्रोग्राम दर्ज की गई। पृष्ठ 11




# चुनाव में खलल दूर करने को मेटा तैयार

शिवानी शिंदे
मुंबई, 19 मार्च




## दे रही टीम को धार

- मेटा शुरू करेगी भारत के लिए चुनाव परिचालन केंद्र
- आम चुनाव में गुमराह करने वाली सामग्री पर लगाएगी अंकुश
- एआई से तैयार सामग्री के बेजा इस्तेमाल पर कसेगी लगाम

**लोक** सभा चुनाव में ऑनलाइन सामग्री के जरिये खलल की आशंका दूर करने के लिए तकनीकी कंपनी मेटा विशेष चुनाव परिचालन केंद्र तैयार करेगी। मेटा अपने ऐप्लिकेशन एवं तकनीकी प्लेटफॉर्म पर लोगों को गुमराह करने वाली खबरों से बेअसर रखने के लिए खास इंतजाम करेगी। कंपनी भारत में तथ्यों की जांच करने वाली (फैक्ट चेकर) अपनी टीम को धार दे रही है और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के बेजा इस्तेमाल पर भी अंकुश लगाने की जुगत कर रही है। देश में 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा चुनाव कराए जाएंगे।

मेटा ने कहा है कि वह गुमराह करने वाली खबरें फैलने से रोकने के सभी उपाय करेगी। कंपनी ने कहा कि वह मतदाताओं को प्रभावित करने वाली सामग्री हटाएगी और फेसबुक और थ्रेड्स पर पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही तय करेगी।

मेटा ने भारत के लिए विशिष्ट चुनाव परिचालन केंद्र तैयार करने के बारे में आज कहा, 'कंपनी अपनी एआई, डेटा साइंस, शोध, संचालन, सामग्री नीति और विधि टीमों से विशेषज्ञ बुलाएगी और विभिन्न प्लेटफॉर्म से ऐसी सामग्री हटाएगी, जो चुनाव प्रक्रिया एवं मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है।' कंपनी ने यह भी कहा कि वह भारत में फैक्ट-चेकिंग टीम का विस्तार कर रही है। कंपनी ने ब्लॉग में कहा, 'हम भारत में स्वतंत्र फैक्ट-चेकर की टीम लगातार बढ़ा रहे हैं। इस काम के लिए भारत में हमने 16 साझेदारों से हाथ मिलाया है, जो 16 भाषाओं में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। किसी देश के लिए हमारी यह सबसे बड़ी व्यवस्था है।'

मेटा दुनिया भर में बचाव एवं सुरक्षा जैसे विषयों पर 40,000 लोगों के साथ मिलकर काम कर रही है। कंपनी 2016 से इस पर 20 अरब डॉलर लगा चुकी है। इनमें सामग्री की समीक्षा करने वाले 15,000 लोग भी शामिल हैं, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स जैसे प्लेटफॉर्म पर 70 भाषाओं में काम कर रहे हैं। इनमें 20 भारतीय भाषाएं भी शामिल हैं।

मेटा ने यह भी कहा कि गुमराह करने वाली सामग्री की पहचान और उससे होने वाले जोखिम को रेटिंग देने में अपने फैक्ट-चेकर की मदद करने के लिए वह 'कीवर्ड डिटेक्शन' तकनीक का इस्तेमाल करेगी। कंपनी स्वैच्छिक नीति संहिता के माध्यम से भारतीय निर्वाचन आयोग को सहयोग दे रही है। इस संहिता में निर्वाचन आयोग सोशल मीडिया कंपनियों को गैर-कानूनी सामग्री पर ध्यान देने के लिए कहता है। मेटा 2019 में इस व्यवस्था से जुड़ी थी।


इस आम चुनाव में जेनेरेटिव एआई की मदद से तैयार सामग्री पर भी आयोग समेत सबकी निगाहें होंगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कुछ महीने पहले बड़ी तकनीकी कंपनियों को ऐसी व्यवस्था (वाटर मार्किंग) या प्रणाली तैयार करने के लिए कहा था, जो एआई डीपफेक के इस्तेमाल से तैयार सामग्री का पता लगा सके। मेटा के साथ काम कर रहे फैक्ट-चेकर एआई से तैयार सामग्री की समीक्षा करने के साथ उन्हें रेटिंग भी देंगे।

मेटा ने कहा कि वह गूगल, ओपनआई, माइक्रोसॉफ्ट, अडोबी, मिडजर्नी और शटरस्टॉक द्वारा एआई से तैयार तस्वीरों की पहचान कराने के लिए नई तकनीक तैयार कर रही है। मेटा की तरह गूगल भी चुनाव के दौरान मतदाताओं को गुमराह करने वाली सामग्री पर नकेल कसने में सहयोग कर रही है।

## खबरों में रहे स्टॉक




### जेबीएम ऑटो




सीईएसएल से करीब 7,500 करोड़ रुपये का 1,390 ई-बसों का ऑर्डर मिला

₹ 1,875.2 पिछला बंद भाव
₹ 1,896.8 आज का बंद भाव
1.1 % ▲


### एचजी इन्फ्रा इंजीनियरिंग




संयुक्त उद्यम का 1,026 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए करार

₹ 893.5 पिछला बंद भाव
₹ 913.0 आज का बंद भाव
2.2 % ▲


### टाटा स्टील




निदेशक मंडल ने 2,700 करोड़ रुपये के एनसीडी जारी करने को मंजूरी दी

₹ 149.6 पिछला बंद भाव
₹ 148.7 आज का बंद भाव
-0.6 % ▼


### आरईसी




पूर्ण स्वामित्व वाली 3 सहायक कंपनियों का पूरा हिस्सा बेचने और हस्तांतरण की मंजूरी

₹ 436.2 पिछला बंद भाव
₹ 429.5 आज का बंद भाव
-1.5 % ▼

### ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक




10 इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति के लिए एएसटीसी से अनुबंध पत्र मिला

₹ 1,715.4 पिछला बंद भाव
₹ 1,708.6 आज का बंद भाव
-0.4 % ▼

## संक्षेप में

### सन फार्मा को विनलेवी के लिए हरी झंडी

प्रमुख फार्मा कंपनी सन फार्मास्युटिकल्स ने मंगलवार को बताया कि ऑस्ट्रेलियन थेराप्युटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन (टीजीए) ने मुंहासों के उपचार की उसकी दवा को अनुमति दे दी है। अब 12 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के एक्ने वल्गारिस के उपचार के लिए विनलेवी (कलैस्कोटोरोन क्रीम 1 फीसदी) का उपयोग किया जा सकेगा। इस बारे में सन फार्मा के पश्चिमी यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में कारोबार प्रमुख हेलेन डी क्लोएट ने कहा, 'विनलेवी ऑस्ट्रेलिया में नवोन्मेषी दवाओं के डरमेटोलॉजी के बढ़ते पोर्टफोलियो के लिए यह त्साह भरी बढ़त है।' विनलेवी जून से ऑस्ट्रेलिया में मिलने लगेगी। *बीएस*

### जोमैटो करेगी विशुद्ध शाकाहार की डिलिवरी

जोमैटो के संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी दीपिंदर गोयल ने आज 100 प्रतिशत शाकाहारी भोजन पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए 'प्योर वेज फ्लीट' के साथ-साथ 'प्योर वेज मोड' शुरू करने का ऐलान किया। गोयल ने मंगलवार को एक्स पर कहा कि दुनिया में शाकाहारियों का सबसे बड़ा हिस्सा भारत में है और उनसे हमें जो सबसे महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मिली है, वह यह है कि वे इस बात पर बहुत खास ध्यान देते हैं कि उनका खाना कैसे पकाया जाता है और उनके भोजन का रखरखाव कैसे किया जाता है। प्योर वेज मोड में ऐसे रेस्तरां शामिल रहेंगे, जो केवल शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसते हैं। इसमें उन सभी रेस्तरां को बाहर रखा जाएगा, जो कोई भी मांसाहारी भोजन परोसते हैं। *बीएस*

### पीएचएफ लीजिंग करेगी 200 लोगों की भर्ती

जमा स्वीकार करने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड अपनी वृद्धि योजनाओं और नए कार्यालय खोलने की वजह से अगली दो तिमाहियों में विभिन्न क्षेत्रों में 200 लोगों की नियुक्ति करने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जालंधर मुख्यालय वाली एनबीएफसी में लगभग 400 कर्मचारी कार्यरत हैं। पीएचएफ लीजिंग भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में 1998 में पंजीकृत कंपनी जमा स्वीकार करने वाली 'ए' श्रेणी की एनबीएफसी है। पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शल्य गुप्ता ने कहा 'उम्मीद है कि निकट भविष्य में हम अपने कर्मचारियों की संख्या में काफी वृद्धि करेंगे और पीएचएफ हमारे परिचालन क्षेत्रों में एक बड़ी ताकत बन जाएगा। इस साल सितंबर/अक्टूबर तक सभी कार्यों के लिए लगभग 200 लोगों की भर्ती किए जाने की उम्मीद है।' *भाषा*

# 'एयर इंडिया की कमजोरी से बची हैं कई विमानन कंपनियां'



प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के बाद जनवरी 2022 में एयर इंडिया को टाटा को बेच दिया गया था

**दीपक पटेल**
नई दिल्ली, 19 मार्च

एयर इंडिया के मुख्य कार्य अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन का कहना है कि भारत के आसपास की कई विमानन कंपनियां एयर इंडिया की कमजोरी के कारण बची हुई हैं लेकिन अब विमानन कंपनी के पास उनसे बाजार वापस हासिल करने और देश को लोगों के लिए यात्रा का केंद्र बनाने का अवसर है। विल्सन ने सोमवार रात चार्टर्ड अकाउंटेंसी फर्म पीकेएफ श्रीधर ऐंड संतानम की 45वीं वर्षगांठ के समारोह में अपने भाषण में कहा 'एयर इंडिया के निजीकरण के समय एक देश के रूप में भारत के पास चौड़ी बॉडी वाले 43 विमान थे जबकि दुबई के पास 250, सिंगापुर के पास 150 और कतर के पास 175 विमान थे। यह एयर इंडिया के लिए छोटा स्तर है और उसके पास आगे बढ़ने का अवसर है।'

एमिरेट्स, कतर एयरवेज, एतिहाद एयरवेज और सिंगापुर एयरलाइंस जैसी विमानन कंपनियां इस क्षेत्र में अपने केंद्रों के जरिये भारत से अंतरराष्ट्रीय यातायात की भरपूर सेवा प्रदान करती हैं। बी787 और ए350 जैसे चौड़ी बॉडी वाले विमानों में ईंधन के बड़े टैंक होते हैं जो लंबी दूरी की उड़ान सुविधा देते हैं। प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के बाद जनवरी 2022 में एयर इंडिया को टाटा को बेच दिया गया था। जुलाई 2022 में एयर इंडिया की कमान संभालने वाले विल्सन ने विमानन कंपनी के लिए एमिरेट्स, कतर एयरवेज, सिंगापुर एयरलाइंस और ब्रिटिश एयरवेज जैसी सेवा, उत्पाद गुणवत्ता तथा आतिथ्य का स्तर हासिल करने की इच्छा जताई।

**एयर इंडिया के निजीकरण के समय एक देश के रूप में भारत के पास चौड़ी बॉडी वाले 43 विमान थे जबकि दुबई के पास 250, सिंगापुर के पास 150 और कतर के पास 175 विमान थे**

उन्होंने कहा कि भारत से जुड़ी कई विमानन कंपनियां भारतीय बाजार में अपना अस्तित्व बचाए रखने में सफल रहीं। खास तौर पर उन्हें एयर इंडिया की कमजोरी की वजह से भी भारतीय बाजार में डटे रहने में मदद मिली।

# 'नियमों के पालन पर ज्यादा जोर दें फिनटेक स्टार्टअप'




**आर्यमन गुप्ता**
नई दिल्ली, 19 मार्च

**भारतीय** स्टार्टअप के सबसे बड़े आयोजन 'स्टार्टअप महाकुंभ' में निवेशकों और उद्यमियों ने इस बात पर जोर दिया कि फिनटेक कंपनियों को ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नियमों के दायरे में काम करना चाहिए।

यह सलाह ऐसे समय में दी गई है जब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गलती करने वाली फिनटेक कंपनियों को मौजूदा नियमों का पालन कराने के लिए सख्ती दिखाई है। 3वन4 कैपिटल में पार्टनर सिद्धार्थ पई ने जीरोधा के दिनेश पई के साथ अनौपचारिक बातचीत में कहा, 'भारत में, बैंकों ने नियामक के लिए टेक्नोलॉजी तैयार की है, उपभोक्ता के लिए नहीं। यह फिनटेक ही है जिसने ग्राहक की सेवा करने वाली प्रौद्योगिकी बनाई है। अच्छे फिनटेक उद्यमी और कंपनियां वे हैं जिन्होंने विनियमन को स्वीकार किया है और साथ ही ग्राहक जरूरतों को पूरा किया है।'

ये सुझाव ऐसे समय में सामने आए हैं जब भारत के सबसे बड़े फिनटेक स्टार्टअप में से एक पेटीएम को नियामकीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले महीने आरबीआई ने पेटीएम के पेमेंट्स बैंक पर शिकंजा कसा था और कुछ खामियां होने की वजह से उसके जमा एवं ऋण लेनदेन को प्रतिबंधित कर दिया।

ग्रो के सह-संस्थापक हर्ष जैन ने कहा कि यदि कंपनियां नियामकों और सरकारों के अनुरूप काम करें तो वे नवाचार को बढ़ावा देने में सक्षम हो सकती हैं और इससे उन्हें ज्यादा आसानी से ग्राहकों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।

नियामकीय सख्ती के अलावा, फिनटेक स्टार्टअप को फंडिंग संबंधित चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। फिनटेक क्षेत्र में भी 2023 में कोष उगाही में गिरावट दर्ज की गई।

# सीएई का अकासा एयर के साथ करार

**उड़ान** प्रशिक्षण देने वाली कंपनी सीएई ने भारत में अपने सुविधा केंद्रों पर बी737 मैक्स विमान के पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए अकासा एयर के साथ दीर्घकालिक समझौता किया है। अकासा एयर के संस्थापक और मुख्य कार्य अधिकारी विनय दुबे ने कहा, 'चूंकि आने वाले दशक में हमारे पास विमानों की खासी संख्या होगी। इसलिए सीएई के साथ साझेदारी हमें अगले 15 वर्षों के लिए दुनिया की सर्वोत्तम प्रशिक्षण सुविधाओं तक पहुंच देगी और हमें अनुभवी और कुशल पायलटों की टीम बनाने में मदद करेगी।

**किफायती विमानन कंपनी के बी737 मैक्स पायलटों को प्रशिक्षित करेगी कंपनी**

जनवरी में अकासा एयर ने विंग्स इंडिया समिट 2024 में बोइंग को 150 बी737 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया था। इस ऑर्डर में बी737 मैक्स 8-200 और बी737 मैक्स 10 शामिल हैं। इन विमानों की डिलिवरी साल 2027 के मध्य और साल 2032 के बीच की जाएगी।

अकासा एयर ने बोइंग को कुल 226 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया। इससे पहले विमानन कंपनी ने 76 मैक्स विमानों का ऑर्डर दिया था। इनमें से 23 विमान कंपनी को दिए जा चुके हैं। विमानन कंपनी को उम्मीद है कि शेष 53 विमानों की डिलिवरी साल 2027 के मध्य तक हो जाएगी।

सीएई भारत में तीन वाणिज्यिक विमानन प्रशिक्षण केंद्रों में 13 सिम्युलेटर संचालित करती है। इनके जरिये यह भारत में विमानन कंपनियों को जरूरी पायलट प्रशिक्षण और प्रशिक्षण सेवाएं प्रदान करती है। अकासा एयर ने फरवरी में कहा था कि वह 28 मार्च से मुंबई और दोहा के बीच अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करेगी। *बीएस*

# संस्थागत निवेशकों से मिलेगी 'वी'

**शुभायन चक्रवर्ती**
नई दिल्ली, 19 मार्च

**रकम** जुटाने की नई कवायद के तहत वोडाफोन आइडिया (वी) के अधिकारी बुधवार को सिंगापुर में संस्थागत निवेशकों से मुलाकात करेंगे। कंपनी ने यह जानकारी दी है। एक्सचेंजों की दी गई जानकारी में आर्थिक संकटों का सामना कर रही दूरसंचार कंपनी ने कहा कि बुधवार को सिंगापुर में संस्थागत निवेशकों के साथ एक-एक कर और सामूहिक बैठकें होंगी। इसी तरह की बैठक गुरुवार और शुक्रवार को मुंबई में भी होगी। कंपनी ने कहा कि निवेशकों के साथ बैठक के दौरान कीमतों को लेकर कोई अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाएगी। पिछले महीने वी के बोर्ड ने ऋण और इक्विटी के जरिये 45 हजार करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी थी। इसमें मौजूदा निवेशकों से भी 20 हजार करोड़ रुपये की इक्विटी आधारित रकम भी शामिल है।

वोडाफोन आइडिया के मुख्य कार्य अधिकारी अक्षय मूंदड़ा ने कहा कि भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रवर्तकों ने जो 20 हजार करोड़ रुपये लगाने की प्रतिबद्धता जताई है, वह अभी भी बरकरार है। कंपनी कई बार रकम जुटाने की अपनी बताई समयसीमा से चूक गई है। हालिया समयसीमा 31 दिसंबर, 2023 थी। मूंदड़ा ने पिछले साल कहा था कि बैंकों से जुटाई गई किसी भी नई रकम का उपयोग मौजूदा बकाया के भुगतान के बजाय पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर तिमाही) के अंत में वीआई पर 2.14 लाख करोड़ रुपये की लीज देनदारियों को छोड़कर सकल ऋण था। इसमें 1.38 लाख करोड़ रुपये की विलंबित स्पेक्ट्रम भुगतान दनदारी भी शामिल था। इसके अलावा समायोजित सकल राजस्व के मद में 69,020 करोड़ रुपये की सरकार की देनदारी है।

### बॉन्ड के बदले इक्विटी हिस्सेदारी लेगी एटीसी

**मोबाइल** टावर कंपनी एटीसी ने दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया की तरफ से जारी 1,440 करोड़ रुपये के ऋण बॉन्ड को इक्विटी हिस्सेदारी में बदलने का विकल्प चुना है। कर्ज के बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि उसने एटीसी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर को 1,600 करोड़ रुपये के वैकल्पिक परिवर्तनीय डिबेंचर (ओसीडी) 21 अक्टूबर, 2022 को जारी किए थे। ये बॉन्ड बकाया भुगतान के बदले 10 रुपये प्रति इक्विटी के रूपांतरण मूल्य पर इक्विटी शेयरों में बदले जा सकते हैं। वोडाफोन आइडिया ने कहा, 'ओसीडी की शर्तों के अनुरूप एटीसी ने 18 मार्च, 2024 के अपने नोटिस के जरिये 14,400 बॉन्ड को 144,00,00,000 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों में बदलने का अनुरोध किया।' *भाषा*

# अदाणी ग्रीन ने 'थर्ड-पार्टी' संबंधी अमेरिकी जांच पर दी सफाई

**अमृता पिल्लै**
मुंबई, 19 मार्च

**अदाणी** ग्रीन एनर्जी ने मंगलवार को अमेरिकी जांच से संबंधित खबरों पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि कंपनी किसी 'थर्ड-पार्टी' द्वारा उल्लंघन की जांच से अवगत है और उसे इस संबंध में कोई नोटिस नहीं मिला है। एक्सचेंजों द्वारा पूछे गए सवालों के बाद कंपनी की ओर से यह स्पष्टीकरण आया है।

बीएसई को भेजे जवाब में अदाणी ग्रीन ने कहा, 'कंपनी का कहना है कि उसे कथित लेख में आरोप की जांच के संबंध में अमेरिकी न्याय विभाग से कोई नोटिस नहीं मिला है।' कंपनी ने अपने बयान में ब्लूमबर्ग द्वारा प्रकाशित लेख का जिक्र किया है जिसमें प्रमोटर गौतम अदाणी और समूह के आचरण की अमेरिकी जांच की बात कही गई है। मंगलवार को अदाणी ग्रीन ने कहा, 'कंपनी तीसरे पक्ष द्वारा अमेरिकी भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों के संभावित उल्लंघन में अमेरिकी न्याय विभाग की जांच से अवगत है।'



**कंपनी ने कहा है कि उसका तीसरे पक्ष से कोई संबंध नहीं रहा है और उसे इस संबंध में कोई नोटिस नहीं मिला है**

अदाणी ग्रीन ने कहा कि उसका तीसरे पक्ष के साथ कोई संबंध नहीं है और इसलिए, 'वह उस मौजूदा अमेरिकी जांच के दायरे पर टिप्पणी करने में असमर्थ है कि कंपनी (अदाणी ग्रीन) या उसका कोई भी कर्मी तीसरे पक्ष के साथ कथित लेनदेन से जुड़ा रहा है।'

पिछले सप्ताह ब्लूमबर्ग ने खबर प्रकाशित की थी जिसमें मामले से सीधी जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से कहा गया, 'अमेरिकी अभियोजकों ने भारत के अदाणी समूह की जांच का दायरा इसे ध्यान में रखते हुए बढ़ाया है कि क्या कंपनी रिश्वतखोरी में शामिल हो सकती है।'

रिपोर्ट के बाद से ही अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पावर, अदाणी टोटाल गैस सहित समूह की कई कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि उन्हें आरोप के संबंध में अमेरिका के न्याय विभाग से कोई नोटिस नहीं मिला है। अदाणी ग्रीन ऐसी एकमात्र कंपनी है जिसने अपने स्पष्टीकरण में तीसरे पक्ष का जिक्र किया है।

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302004

ई-मेल : sbi.18184@sbi.co.in, शाखा कोड : 18184, फोन : 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं नियम 9 (1) का परन्तुक देखें ]

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी मैं श्री राजेन्द्र ट्रेडर्स, प्रो. श्री अमित भण्डारी (ऋणी) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित/बंधक है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर (राज.) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, प्रतिभूत लेनदार द्वारा जैसी है जहाँ है, "जो है जैसी है", जितनी भी उपलब्ध है" और "दायित्व रहित" के आधार पर दिनांक 10.04.2024 को बेचा जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर (राज.), प्रतिभूति लेनदार के आवास ऋण खाता मैं श्री राजेन्द्र ट्रेडर्स, प्रो. श्री अमित भण्डारी (ऋणी) में बकाया राशि रुपये 37,83,266.00 (रुपये सैंतीस लाख तिरासी हजार दो सौ छियासठ रूपये मात्र) दिनांक 05.01.2023 को बकाया एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे इत्यादि अतिरिक्त है। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि निम्नतालिका अनुसार होगी। अग्रिम राशि बैंक/एमएसटीसी की वेबसाइट पर दी गई प्रक्रिया अनुसार ई-नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जमा कराई जा सकती है।

| अचल सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि | ई-नीलामी की दिनांक व समय |
|---|---|---|
| श्री अमित भण्डारी के नाम खसरा नं. 131, ग्राम राजेन्द्रपुरा, चौमहला-रूपा खेड़ा रोड़, चौमहला जिला झालावाड़ (राज.) स्थित सम्पति जिसका क्षेत्रफल बैंक रिकॉर्ड के अनुसार 25856 वर्गफीट है। सीमाएँ :- उत्तर में : भूमि ख.नं. 177, दक्षिण में : भूमि ख.नं. 136/1, 136/2 व 130/1, पूर्व में : भूमि ख.नं. 133/1, 135/1 व 135/2, पश्चिम में : भूमि ख.न. 131 (बिना परिर्वतित भूमि) व रोड़ | रु. 15,52,000/- (रुपये पन्द्रह लाख बावन हजार मात्र) रु. 1,55,200/- (रुपये एक लाख पचपन हजार दो सौ मात्र) | 10.04.2024 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |

इच्छुक बोलीदाता एमएसटीसी के पास प्री-बिड ईएमडी की राशि ई-नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व जमा कर सकते हैं। एमएसटीसी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जायेगा। इन कार्यवाहियों को अद्यतन/अपडेट होने में बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि पर्याप्त समय रहते जमा करें। अन्य ऋण भार : ज्ञात नहीं।

विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा मेट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राज.) प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/ sarfaesi-and-others एवं https://ibapi.in/Sale_Info_Home.aspx पर देखें।

दिनांक : 19.03.2024, स्थान : चौमहला प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

रेलीगेयर हाउसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कापोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 1407, 14वां तल, चिरंजीव टावर, 43, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
कार्पोरेट कार्यालय : 8वां तल, मैक्स हाउस, ब्लॉक-ए, डा. झा मार्ग, ओखला फेज-3, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-110020
सीआईएन नंबर : U74899DL1993PLC054259, वेबसाइट :- www.religarehomeloans.com

RELIGARE | HOME LOANS

वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("सरफासी ऐक्ट, 2002") की धारा 13(2) के अधीन सूचना

हम, रेलीगेयर हाउसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कापोरेशन लिमिटेड ने अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं। उसकी विषयवस्तु आपके द्वारा मूलधन, ब्याज इत्यादि की किश्त के भुगतान में की गई चूक के साथ संबंधित है। बकाया राशि नीचे वर्णित अनुसार है।

| कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम | ऋण खाता संख्या | 13(2) सूचना की तिथि / ऋण राशि | धारा 13(2) एक्ट. सूचना के अनुसार मांग राशि | पत्राचार पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. मुकेश कुमार पुत्र रेमलखान सिंह 2. मंजू पत्नी मुकेश कुमार | XMHD0UN00075423 | 29-02-2024 / रू. 15,00,000/- | रू. 10,51,743.76/- (रू. दस लाख इक्यावन हजार सात सौ तेतालीस तथा पैसे छहत्तर मात्र) | **दोनों का पता :** खसरा नंबर 1129, निर्मल एनक्लेव, ग्राम बेहटा हाजीपुर, परगना-लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 **दोनों का पता :** खसरा नंबर 1129, निर्मल एनक्लेव, ग्राम बेहटा हाजीपुर, परगना-लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |

**बंधक सम्पत्ति :** सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : एक खाली आवासीय प्लॉट जिस पर कोई निर्माण नहीं है, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज यानी 83.61 वर्ग मीटर, संबंधित खसरा नंबर 1129 एम, निर्मल एनक्लेव, ग्राम बेहटा हाजीपुर, परगना-लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, पूरब : अन्य का प्लॉट, पश्चिम : फूलवती का प्लॉट, उत्तर : रास्ता 20 फीट, दक्षिण : अन्य का प्लॉट

आगे हमें कारणों के आधार पर विश्वास है कि आप मांग सूचना प्राप्त करने से बच रहे हैं, अतः यह मांग सूचना प्रकाशित की जा रही है। एतद्द्वारा आपसे रेलीगेयर हाउसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कापोरेशन लिमिटेड को उपरोक्त राशि का भुगतान आगे ब्याज, लागत, अनुषंगी खर्चों, प्रभारों इत्यादि सहित, इस मांग सूचना की प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर रेलीगेयर हाउसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कापोरेशन लिमिटेड प्रत्याभूत किसी एक या सभी आस्तियों के विरूद्ध उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के किसी एक या सभी प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिसमें कर्जदार/रों की प्रत्याभूत आस्तियों का कब्जा लेना शामिल है। इसके अतिरिक्त उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों का अंतरण बिक्री/पट्टा अथवा किसी अन्य प्रकार से नहीं कर सकते हैं। कृपया नोट करें कि इस संबंध में आगे कोई मांग सूचना जारी नहीं की जाएगी।

स्थान : दिल्ली एवं एनसीआर तिथि : 20-03-2024 प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स रेलीगेयर हाउसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कापोरेशन लिमिटेड

# एमबीआरजीआई के साथ शोभा रियल्टी का समझौता

**बेंगलूरु** की रियल एस्टेट डेवलपर शोभा रियल्टी ने यूएई के सहायता कार्यक्रम फाउंडेशन के साथ परोपकार अनुदान समझौता किया है। इस समझौते के तहत भारतीय फर्म अगले चार साल में 40 करोड़ दिरहम की लागत से दुबई में एक विश्वविद्यालय का निर्माण करेगी। शोभा रियल्टी और यूएई की मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ग्लोबल इनिशिएटिव्स (एमबीआरजीआई) एक अरब दिरहम का अनुदान फंड भी स्थापित करेंगी। इसके बारे में उनका कहना है कि यह दुनिया भर में लाखों को शिक्षा में सहायता प्रदान करेगा।

विश्वविद्यालय परिसर भवन की 2,000 छात्रों की क्षमता होगी। यह परियोजना एमबीआरजीआई को सौंपी जाएगी। वह किसी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करेगी *बीएस*

# भारतीय विमानन सेवा क्षेत्र में लोकपाल बनाने की कवायद

**दीपक पटेल**
नई दिल्ली, 19 मार्च

**देश** के विमानन क्षेत्र को ग्राहकों की शिकायतों के निवारण के लिए लोकपाल की जरूरत है या नहीं, इस पर विचार करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय विमानन कंपनियों, हवाई अड्डा संचालकों और नियामकों की बैठक बुलाने पर विचार कर रहा है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'मंत्रालय इस मसले पर सभी संबंधित पक्षों के विचार जानने और प्रस्ताव की समीक्षा के लिए उनके साथ बैठक करेगा। वैसे ग्राहकों की शिकायतों के निवारण के लिए मंत्रालय के पास पहले से ही हेल्पलाइन 'एयर सेवा' है मगर हम इसका अंदाजा लगाएंगे कि लोकपाल से विमानन क्षेत्र में सेवाओं में कितना सुधार आ सकता है।'

सूत्रों ने बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया कि मंत्रालय ने विमानन कंपनियों, हवाई अड्डों और नियामकों (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो) को इस मामले में लिखित टिप्पणी भेजने को कहा है। पिछले साल 10 नवंबर को उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने विमानन सचिव वमलुनमंग वुअलनाम को पत्र लिखकर वेब चेक-इन के दौरान सीट छांटने पर विमानन कंपनियों के अलग से शुल्क वसूलने पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि अनिवार्य वेब चेक-इन की मुफ्त पेशकश करना और बाद में सीट चयन के लिए शुल्क वसूलना 'उपभोक्ताओं को गुमराह करना' है और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत 'अनुचित व्यापार व्यवहार' है।

सिंह ने कहा कि मंत्रालय बिजली लोकपाल और बीमा लोकपाल की तरह लोकपाल लाने पर भी विचार कर सकता है ताकि विमानन क्षेत्र के भीतर उपभोक्ता संबंधी मसलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। यात्रा प्लेटफॉर्म और उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी इसकी पुरजोर वकालत की है।

# बीएचईएल को एनटीपीसी से ठेका

**सार्वजनिक** क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसे एनटीपीसी से 1,600 मेगावॉट की सिंगरौली अत्याधुनिक तापीय बिजली परियोजना चरण-3 की स्थापना के लिए ठेका मिला है। बीएचईएल ने एक बयान में कहा कि यह संयंत्र उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के सिंगरौली में मौजूदा 2,000 मेगावॉट के तापीय बिजली स्टेशन (टीपीएस) के पास स्थापित किया जाएगा। सिंगरौली टीपीएस राज्य में एनटीपीसी का पहला बिजली संयंत्र था, जिसकी स्थापना 1982 में हुई थी। बयान में कहा गया कि सिंगरौली में बीएचईएल ने पहले जो मशीनें लगाईं थी, वे चालू होने के बाद बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। *भाषा*

**दिल्ली संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित

संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599

सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं

# सरकारी बॉन्डों पर रीझ रहे डेट फंड प्रबंधक

अभिषेक कुमार
मुंबई, 19 मार्च



## सरकारी बॉन्डों का बढ़ रहा आकर्षण

■ बेहतर मांग-आपूर्ति परिदृश्य, मुद्रास्फीति नरम पड़ने से इन प्रतिभूतियों की ओर रुख कर रहे हैं डेट फंड प्रबंधक

■ लंबी अवधि के सरकारी बॉन्डों की लोकप्रियता ने डायनेमिक बॉन्ड फंडों की औसत परिपक्वता में भी वृद्धि की

वैश्विक बॉन्ड सूचकांक में भारत के शामिल होने से पहले अनुकूल मांग-आपूर्ति परिवेश, वृहद आर्थिक हालात में सुधार और मुद्रास्फीति में नरमी के कारण डेट फंड प्रबंधक सरकारी बॉन्डों को पसंद कर रहे हैं।

एसबीआई म्युचुअल फंड के मुख्य निवेश अधिकारी (फिक्स्ड इनकम) राजीव राधाकृष्णन ने कहा, 'नई मांग बढ़ने और बॉन्डों की अनुमान से कम आपूर्ति को देखते हुए मांग-आपूर्ति की स्थिति अच्छी तरह से प्रबंधित है। नकदी के मोर्चे पर आरबीआई की नीति भी बदली हुई दिख रही है, क्योंकि तरलता में कुछ नरमी आई है। मुख्य मुद्रास्फीति पहले (6-7 महीने पहले) की तुलना में कम बनी हुई है।'

फरवरी के अंत तक, कई डायनेमिक बॉन्ड फंडों का सरकारी प्रतिभूतियों में बड़ा निवेश था। पिछले कुछ महीनों में इन बॉन्डों में निवेश बढ़ गया था। इस श्रेणी में सबसे बड़े फंड 'आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऑल सीजन बॉन्ड फंड' का दीर्घावधि जी-सेक में 58 प्रतिशत निवेश था, जो जनवरी के 39 प्रतिशत से ज्यादा है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्युचुअल फंड के सीआईओ (फिक्स्ड इनकम) मनीष बंठिया ने कहा, 'राजकोषीय घाटा और चालू खाता घाटा, दोनों में कमी दिख रही है, जिससे हम ज्यादा उत्साहित बने हुए हैं और अपने पोर्टफोलियो में जी-सेक को शामिल कर रहे हैं।'

एसबीआई डायनेमिक बॉन्ड फंड का जी-सेक में करीब 80 प्रतिशत निवेश है। 6 महीने पहले यह निवेश आवंटन करीब 62 प्रतिशत था।

खासकर लंबी अवधि के सरकारी बॉन्डों की बढ़ती लोकप्रियता ने डायनेमिक बॉन्ड फंडों की औसत परिपक्वता में इजाफा किया है। 22 योजनाओं में से 14 की औसत पोर्टफोलियो परिपक्वता अब 10 साल या इससे अधिक हो गई है। 20-30 साल के सरकारी पत्रों पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की वजह से बंधन एमएफ और डीएसपी एमएफ द्वारा पेश योजनाओं ने औसत परिपक्वता अवधि सर्वाधिक है।

बंधन डायनेमिक बॉन्ड फंड की औसत परिपक्वता 27 साल है और इसने 2053 की परिपक्वता वाले जी-सेक बॉन्डों का करीब 85 प्रतिशत निवेश कर रखा है।

बंधन एमएफ में फिक्स्ड इनकम खंड के प्रमुख सुयश चौधरी ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा, 'अपनी सक्रिय अवधि वाले फंडों में हम 30 साल के सरकारी बॉन्डों पर उत्साहित बने हुए हैं। यह संक्षिप्त अवधि के बजाय ऊंची अवधि को ध्यान में रखते हुए उचित है।' जहां कुछ फंड प्रबंधक अपने दांव लंबी अवधि के बॉन्डों पर लगा रहे हैं, वहीं अन्य 10 वर्षीय बॉन्डों से जुड़े हुए हैं।

कोटक महिंद्रा ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी के प्रमुख (फिक्स्ड इनकम) अभिषेक बिसेन ने कहा, 'हम परिपक्वता अवधि में इजाफा कर रहे हैं। 15 वर्षीय बॉन्ड पसंदीदा विकल्प हैं, क्योंकि वे बेहतर रिस्क-रिवार्ड की पेशकश करते हैं। हरेक तेजी पर हम लंबी अवधि के दांव लगाना पसंद कर रहे हैं। यदि अवधि ज्यादा लंबी हो तो 10 आधार अंक का उतार-चढ़ाव अल्पावधि में बड़ा बदलाव ला सकता है। हालांकि दीर्घावधि निवेश के लिए आप लंबी परिपक्वताएं ले सकते हैं।'

जहां फंड प्रबंधकों को प्रतिफल में कुछ गिरावट का अनुमान है, वहीं उन्हें इस साल दर कटौती के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। राधाकृष्णन ने कहा, '10 वर्षीय सरकारी बॉन्डों को लेकर मेरा अलग नजरिया है, क्योंकि इस साल दर कटौती की संभावना नहीं दिख रही है।

# बिड़ला एएमसी ओएफएस को मिला संपूर्ण अभिदान

आदित्य बिड़ला सनलाइफ (एबीएसएल) एएमसी की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को मंगलवार को पूरा अभिदान मिल गया। कंपनी की शेयर बिक्री पेशकश को 3.95 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं, जबकि इसके तहत 3.3 करोड़ शेयरों की पेशकश की गई। ज्यादातर बोलियां 450 रुपये की निर्धारित कीमत के मुकाबले 458 रुपये के भाव पर मिलीं।

एबीएसएल एएमसी का शेयर 3.3 प्रतिशत गिरकर बीएसई पर 460 रुपये पर बंद हुआ। ओएफएस के जरिये परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के प्रवर्तकों ने न्यूनतम 25 प्रतिशत शेयरधारिता की सीमा पर अमल करने के लिए 11.47 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। *बीएस*

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

प्रधान कार्यालय :
लोकमंगल, 1501, शिवाजी नगर, पुणे-411005

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

**प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)**

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पात्र तथा प्रतिष्ठित सेवा प्रदाताओं / बोलीदाताओं से **आरएफपी-45/2023-24 नेटवर्क एक्सेस कंट्रोल सॉल्यूशन (एनएसी) की आपूर्ति, स्थापना, कार्यान्वयन, निगरानी, रखरखाव और प्रबंधन** हेतु मुहरबंद निविदा प्रस्ताव (तकनीकी बोली तथा वाणिज्यिक बोली) आमंत्रित करता है। विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट **https://www.bankofmaharashtra.in** पर **'टेंडर सेक्शन'** में तथा जेम पोर्टल **https://gem.gov.in/** पर दिनांक **19/03/2024** से उपलब्ध रहेगी।


**बोली जमा करने की अंतिम तिथि: 10.04.2024, 17:00 hrs.**

इच्छुक बोलीदाता उपर्युक्त साइट से आरएफपी दस्तावेज़ डाउनलोड कर सकते हैं। निविदाओं से संबंधित सभी अन्य अपडेट GeM पोर्टल पर भी उपलब्ध होंगे। बैंक बिना कोई कारण बताए आरएफपी प्रक्रिया को रद्द करने या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**दिनांक : 19/03/2024** **ह/-महाप्रबंधक एवं मुख्य सूचना अधिकारी**

# लंबे समय के लिए रकम लगानी है तो मिड, स्मॉलकैप शेयर सही

पुनीत वाधवा
नई दिल्ली, 19 मार्च


बिनय सिन्हा

## लंबी अवधि के लिए सही है निवेश

■ विश्लेषकों ने निवेशकों को दीर्घावधि नजरिये से इन शेयरों में खास चयन के आधार पर खरीदारी शुरू करने का सुझाव दिया है

■ कई विश्लेषक मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों के दीर्घावधि परिदृश्य पर आशान्वित हैं

**बाजारों** में बड़ी गिरावट से मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर भारी दबाव पड़ने के बाद अब विश्लेषक धीरे-धीरे इन दो बाजार सेगमेंटों पर सकारात्मक रुख अपनाने लगे हैं। उन्होंने निवेशकों को दीर्घावधि नजरिये से इन शेयरों में खास चयन के आधार पर खरीदारी का सुझाव दिया है लेकिन साथ ही अगले कुछ महीनों में इन दोनों सेगमेंट में उतार-चढ़ाव के झटकों से सतर्क रहने को भी कहा है। निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांकों ने पिछली बार 8 फरवरी को दिन के कारोबार में सर्वाधिक ऊंचे स्तर 49,780 और 16,691 बनाए थे। वहीं 14 मार्च को ये 9 प्रतिशत और 16 प्रतिशत टूट कर अपने निचले स्तरों पर आ गए। नियामकीय सख्ती और मार्च में अक्सर होने वाली बिकवाली से इन सूचकांकों पर दबाव पड़ा है। मार्च में निवेशक अक्सर कर संबंधित लाभ उठाने और 15 मार्च तक अग्रिम कर भुगतान करने के लिए अपने पोर्टफोलियो में बदलाव पर जोर देते हैं।

जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य के दृष्टिकोण से स्मॉलकैप और मिडकैप शेयर आगामी सप्ताहों में अस्थिर बने रह सकते हैं।

जेपी मॉर्गन के राजीव बत्रा, मिक्सो दास और खोई वू ने संयुक्त रूप से तैयार रिपोर्ट में कहा है, 'एसएमआईडी क्षेत्र में पिछली गिरावट को देखते हुए अब इन तीनों शेयरों में 5-10 प्रतिशत और गिरावट देखी जा सकती है। हालांकि एसएमआईडी फंडों पर सेबी के स्ट्रेस टेस्ट से पर्याप्त तरलता का संकेत मिला है जिससे तेज बिकवाली का जोखिम सीमित करने में मदद मिल सकती है।'

एसीई इक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि 8 फरवरी को जब निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांकों ने दिन के कारोबार में अपने सर्वाधिक ऊंचे स्तर बनाए थे तो 1127 मिडकैप और स्मॉलकैप में से करीब 607 शेयरों में दो अंक में गिरावट दर्ज की गई थी।

आंकड़ों से पता चलता है कि सन्मित इन्फ्रा, इंडिया पेस्टीसाइड्स, ऑनमोबाइल ग्लोबल, आईएफसीआई और एचएलवी इस क्षेत्र में ऐसे पांच शेयर हैं जो इस अवधि के दौरान 40 प्रतिशत से ज्यादा गिरे हैं। आंकड़ों के अनुसार इंडो अमाइंस, आईआईएफएल फाइनैंस, रैमकी इन्फ्रास्ट्रक्चर, एंड्रयू यूल ऐंड कंपनी, एमटीएनएल, संदुर मैंगनीज ऐंड आयरन ओर्स, इंडो रामा सिंथेटिक्स और जयप्रकाश एसोसिएट्स ऐसे अन्य शेयर हैं जो इस दौरान 30 से 40 प्रतिशत तक गिरे।

इकनॉमिक्स रिसर्च के संस्थापक एवं शोध प्रमुख जी चोकालिंगम भी मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों के दीर्घावधि परिदृश्य पर आशान्वित बने हुए हैं, लेकिन वैश्विक और स्थानीय घटनाक्रम के बीच इन दो बाजार सेगमेंट में अल्पावधि उतार-चढ़ाव को लेकर सतर्क बने हुए हैं।

साथ ही उन्होंने कहा, 'घरेलू इक्विटी बाजार का परिदृश्य मध्यावधि से दीर्घावधि में काफी अच्छा है। यहां तक कि स्मॉलकैप और मिडकैप शेयर भी लंबी अवधि में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। हालांकि इन शेयरों को मौजूदा धारणा की वजह से अल्पावधि में दबाव का सामना करना पड़ सकता है। इस वजह से लार्जकैप अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।'


### क्षेत्र पर नजर

जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों का मानना है कि स्मॉलकैप और मिडकैप विनिर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, इलेक्ट्रिक वाहन, डिजिटल बदलाव, हरित ऊर्जा जैसी अनुकूल थीमों के ज्यादा निवेश से जुड़े हुए हैं और उन्होंने ऐतिहासिक तौर पर ज्यादा शार्प रेशियो और अल्फा अवसर दिए हैं।

जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों का कहना है कि ये ऊंचे प्रतिफल मिडकैप/स्मॉलकैप के लिए तेज आय वृद्धि सीएजीआर पर केंद्रित हैं जो कैलेंडर वर्ष 2021-25 के बीच +60 प्रतिशत/+24 प्रतिशत पर अनुमानित है। ऊंची वृद्धि से मूल्यांकन को भी मदद मिलेगी।

# चार आईपीओ को मिली सेबी की मंजूरी

बीएस संवाददाता
मुंबई, 19 मार्च




**भारती** एयरटेल की सहायक कंपनी भारती हेक्साकॉम सहित चार कंपनियों को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है। आईपीओ के जरिये भारती हेक्साकॉम में सरकार के स्वामित्व वाली टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स अपनी 30 फीसदी हिस्सेदारी में 20 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी। भारती एयरटेल के पास भारती हेक्साकॉम में 70 फीसदी हिस्सेदारी है जो राजस्थान और पूर्वोत्तर सर्कल में ग्राहकों को सेवा देती है। इसके अलावा सोलर इंजीनियरिंग फर्म ज्योति स्ट्रक्चर्स, इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता डिफ्यूजन इंजीनियर्स और सोलर ईपीसी कंपनी रेज पावर इन्फ्रा को भी आईपीओ की मंजूरी मिली है।

### पहले दिन ही 6 फीसदी गिरा पॉपुलर व्हीकल्स का शेयर

वाहन वितरक फर्म पॉपुलर व्हीकल्स ऐंड सर्विसेज के शेयर मंगलवार को पहले ही दिन 6 फीसदी से ज्यादा गिर गए। इस तरह यह भी सूचीबद्धता के समय फ्लाप आईपीओ कंपनी में शुमार हो गई है। कंपनी का शेयर अपने 295 रुपये के निर्गम मूल्य से करीब 6.44 फीसदी अथवा 19 रुपये गिरकर 276 रुपये पर बंद हुआ। गिरावट के साथ सूचीबद्ध होने वाली यह लगातार चौथी कंपनी है। बाजार प्रतिभागियों का कहना है कि स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली का असर हालिया सूचीबद्धता पर पड़ी है। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 1.25 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 280-295 रुपये प्रति शेयर था।

### एससीआई के शेयरों में पहले दिन रही गिरावट

सरकारी स्वामित्व वाली शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) से अलग हुई गैर प्रमुख इकाई शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लैंड ऐंड ऐसेट्स (एससीआईएलएएल) के शेयर कारोबार के पहले दिन 44.5 रुपये पर बंद हुए। इससे कंपनी का मूल्यांकन 2,071 करोड़ रुपये रह गया। यह डीमर्जर एससीआई में अपनी बहुलांश हिस्सेदारी बेचने की सरकार की विनिवेश योजना का हिस्सा है। नवंबर 2021 में गठित एससीआईएलएएल में एससीआई की गैर-प्रमुख संपत्ति होगी। डीमर्जर योजना को फरवरी 2023 में मंजूरी दी गई थी और यह 14 मार्च से प्रभावी हुई। एससीआई शेयरधारकों को एससीआई के प्रत्येक शेयर के लिए एससीआईएलएएल का एक शेयर में एक दिया गया।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY, OUTSIDE INDIA.

INITIAL PUBLIC OFFERING OF EQUITY SHARES ON THE MAIN BOARD OF THE STOCK EXCHANGE IN COMPLIANCE WITH CHAPTER II OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED ("SEBI ICDR REGULATIONS").

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Please scan this QR code to view the DRHP)

INTERARCH®
INNOVATE INITIATE INTEGRATE

# INTERARCH BUILDING PRODUCTS LIMITED

Our Company was originally incorporated as "Luxalon Building Products Private Limited", a private limited company under the Companies Act, 1956, in New Delhi, pursuant to a certificate of incorporation dated November 30, 1983 issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana situated at New Delhi. The name of our Company was changed to "Interarch Building Products Private Limited" pursuant to a Board resolution dated January 24, 1985 and a special resolution dated April 13, 1985 passed by the Shareholders, consequent upon which, a fresh certificate of incorporation dated August 9, 1985 was issued by the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana situated at New Delhi. This change was undertaken as the Company had started marketing of other brands of international architectural building products. Subsequently, in accordance with Section 43A(1A) of the Companies Act, 1956, our Company became a deemed public limited company with effect from July 1, 1996 and the name of our Company was changed to "Interarch Building Products Limited". Our Board took noting of such conversion pursuant to resolution approved on August 25, 1997 consequent upon which, the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana situated at New Delhi endorsed such conversion on the certificate of incorporation dated August 9, 1985 with effect from July 1, 1996. Pursuant to the amendment in Section 43A of the Companies Act, 1956 by Companies Amendment Act, 2000, and the approval of our Board and our Shareholders on February 20, 2001 on March 22, 2001, respectively, our Company's status was converted from a deemed public company to a private limited company and consequently the name was changed to "Interarch Building Products Private Limited" and the Registrar of Companies, National Capital Territory of Delhi and Haryana situated at New Delhi endorsed such conversion on the certificate of incorporation dated August 9, 1985 with effect from January 11, 2002. Subsequently, pursuant to resolutions passed by our Board and Shareholders dated October 12, 2023 and October 13, 2023 respectively, our Company was converted into a public limited company and consequently, the name of our company was changed to "Interarch Building Products Limited", consequent upon which, a fresh certificate of incorporation dated December 15, 2023 issued by the Registrar of Companies, Delhi and Haryana at New Delhi ("**RoC**"). For details of change in our Registered Office, see ***"History and Certain Corporate Matters - Changes in the registered office of our company"*** on page 269 of the Draft Red Herring Prospectus dated March 18, 2024 ("**DRHP**"), filed with the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") on March 19, 2024.

**Corporate Identity Number:** U45201DL1983PLC017029
**Registered Office:** Farm No. 8, Khasara No. 56/23/2, Dera Mandi Road, Mandi Village, Mehrauli, New Delhi 110 047 Delhi, India
**Corporate Office:** B 30, Sector 57, Noida 201 301 Uttar Pradesh, India. **Contact Person:** Nidhi Goel, Company Secretary and Compliance Officer;
**Telephone:** +91-12041 70200; **E-mail:** compliance@interarchbuildings.com; **Website:** www.interarchbuildings.com

**OUR PROMOTERS ARE ARVIND NANDA, GAUTAM SURI, ISHAAN SURI AND VIRAJ NANDA**

**INITIAL PUBLIC OFFERING OF [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH ("EQUITY SHARES") OF INTERARCH BUILDING PRODUCTS LIMITED ("OUR COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (THE "OFFER PRICE") AGGREGATING TO ₹ [●] MILLION ("THE OFFER"). THE OFFER COMPRISES OF A FRESH ISSUE OF [●] EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 2,000.00 MILLION BY OUR COMPANY ("FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF UP TO 4,447,630 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] MILLION COMPRISING OF UP TO 720,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] MILLION BY ARVIND NANDA, OF UP TO 790,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] MILLION BY GAUTAM SURI AND OF UP TO 539,930 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] MILLION BY ISHAAN SURI (COLLECTIVELY, THE "PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS"), OF UP TO 600,100 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] MILLION BY SHOBHNA SURI (THE "PROMOTER GROUP SELLING SHAREHOLDER") AND OF UP TO 1,797,600 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] MILLION BY OIH MAURITIUS LIMITED (PREVIOUSLY KNOWN AS INDIVISION INDIA PARTNERS) (THE "INVESTOR SELLING SHAREHOLDER" AND COLLECTIVELY, WITH THE PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS AND PROMOTER GROUP SELLING SHAREHOLDER, THE "SELLING SHAREHOLDERS", AND SUCH EQUITY SHARES OFFERED BY THE SELLING SHAREHOLDERS, THE "OFFERED SHARES").**

**OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BRLMS MAY CONSIDER A PRIVATE PLACEMENT OF EQUITY SHARES TO CERTAIN INVESTORS FOR AN AMOUNT AGGREGATING UP TO ₹ 400.00 MILLION, AS PERMITTED UNDER APPLICABLE LAWS ON OR PRIOR TO THE DATE OF FILING OF THE RED HERRING PROSPECTUS WITH THE ROC. THE PRE-IPO PLACEMENT, IF UNDERTAKEN, WILL BE AT A PRICE TO BE DECIDED BY OUR COMPANY, IN CONSULTATION WITH THE BRLMS. IF THE PRE-IPO PLACEMENT IS COMPLETED, THE AMOUNT RAISED PURSUANT TO THE PRE-IPO PLACEMENT WILL BE REDUCED FROM THE FRESH ISSUE, SUBJECT TO COMPLIANCE WITH RULE 19(2)(B) OF THE SECURITIES CONTRACTS (REGULATION) RULES, 1957, AS AMENDED.**

**THE OFFER INCLUDES A RESERVATION OF UP TO [●] EQUITY SHARES, AGGREGATING UP TO ₹ [●] MILLION (CONSTITUTING UP TO [●] % OF THE POST OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY), FOR SUBSCRIPTION BY ELIGIBLE EMPLOYEES (THE "EMPLOYEE RESERVATION PORTION"). THE OFFER LESS THE EMPLOYEE RESERVATION PORTION IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". OUR COMPANY AND THE SELLING SHAREHOLDERS MAY, IN CONSULTATION WITH THE BRLMS OFFER A DISCOUNT OF UP TO [●]% ON THE OFFER PRICE (EQUIVALENT TO ₹ [●] PER EQUITY SHARE) TO ELIGIBLE EMPLOYEES BIDDING IN THE EMPLOYEE RESERVATION PORTION ("EMPLOYEE DISCOUNT"). THE OFFER AND THE NET OFFER SHALL CONSTITUTE [●]% AND [●]%, RESPECTIVELY, OF THE POST-OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**THE PRICE BAND, EMPLOYEE DISCOUNT (IF ANY) AND THE MINIMUM BID LOT SIZE WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY AND THE SELLING SHAREHOLDERS IN CONSULTATION WITH THE BRLMS AND WILL BE ADVERTISED IN ALL EDITIONS OF [●] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND ALL EDITIONS OF [●] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER, HINDI ALSO BEING THE REGIONAL LANGUAGE OF NEW DELHI WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED), AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/ OFFER OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE STOCK EXCHANGES FOR THE PURPOSES OF UPLOADING ON THEIR RESPECTIVE WEBSITES IN ACCORDANCE WITH THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED (THE "SEBI ICDR REGULATIONS").**

In case of any revision in the Price Band, the Bid/ Offer Period will be extended by at least three additional Working Days after such revision in the Price Band, subject to the Bid/ Offer Period not exceeding 10 Working Days. In cases of *force majeure*, banking strike or similar circumstances, our Company and the Selling Shareholders may, in consultation with the BRLMs, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid/ Offer Period for a minimum of three Working Days, subject to the Bid/ Offer Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band and the revised Bid/ Offer Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges, by issuing a public notice, and also by indicating the change on the respective websites of the BRLMs and at the terminals of the Syndicate Members and by intimation to the Designated Intermediaries and the Sponsor Bank(s), as applicable.

The Offer is being made in terms of Rule 19(2)(b) of the SCRR, read with Regulation 31 of the SEBI ICDR Regulations. The Offer is being made through the Book Building Process *(as defined hereinafter)* in accordance with Regulation 6(1) of the SEBI ICDR Regulations wherein not more than 50% of the Net Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers (the "**QIB Category**"), provided that our Company in consultation with the BRLMs may allocate up to 60% of the QIB Category to Anchor Investors and the basis of such allocation will be on a discretionary basis, ("**Anchor Investors**") (the "**Anchor Investor Category**") in accordance with the SEBI ICDR Regulations, of which one-third shall be reserved for domestic Mutual Funds *(defined hereinafter)*, subject to valid Bids being received from the domestic Mutual Funds at or above the price at which allocation is made to Anchor Investors ("**Anchor Investor Allocation Price**"). In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Category, the balance Equity Shares shall be added to the QIB Category (other than the Anchor Investor Category) (the "**Net QIB Category**"). Further, 5% of the Net QIB Category shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price, and the remainder of the Net QIB Category shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs (other than Anchor Investors), including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. Further, not less than 15% of the Net Offer shall be available for allocation to Non-Institutional Bidders (the "**Non-Institutional Category**") of which one-third of the Non-Institutional Category shall be available for allocation to Non-Institutional Bidders with an application size of more than ₹ 200,000 and up to ₹1,000,000 and two-thirds of the Non-Institutional Category shall be available for allocation to Non-Institutional Bidders with an application size of more than ₹ 1,000,000 and under-subscription in either of these two sub-categories of the Non-Institutional Category may be allocated to Bidders in the other sub-category of the Non-Institutional Category in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. Further, not less than 35% of the Net Offer shall be available for allocation to Retail Individual Bidders (the "**Retail Category**"), in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received from them at or above the Offer Price. All Bidders (except Anchor Investors) shall mandatorily participate in this Offer only through the Application Supported by Blocked Amount ("**ASBA**") process and shall provide details of their respective bank account (including UPI ID (defined hereinafter) in case of UPI Bidders (defined hereinafter) in which the Bid Amount will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks ("**SCSBs**") or pursuant to the UPI Mechanism, as the case may be. Anchor Investors are not permitted to participate in the Anchor Investor Category through the ASBA process. Further, Equity Shares will be allocated on a proportionate basis to Eligible Employees applying under the Employee Reservation Portion, subject to valid Bids received from them at or above the Offer Price. See ***"Offer Procedure"*** on page 462 of the DRHP.

This public announcement is made in compliance with the provisions of Regulation 26(2) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that our Company is proposing to undertake, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, an initial public offer of its Equity Shares pursuant to the Offer and has filed the DRHP dated March 18, 2024 with the Securities and Exchange Board of India ("**SEBI**") on March 19, 2024.

Pursuant to Regulation 26(1) of the SEBI ICDR Regulations, the DRHP filed with SEBI shall be made available to the public for comments, if any, for period of at least 21 days, from the date of filing by hosting it on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges i.e., BSE at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com where the equity shares are proposed to be listed and on the website of the BRLMs, i.e. Ambit Private Limited at www.ambit.co and Axis Capital Limited at www.axiscapital.co.in and the website of our Company at www.interarchbuildings.com. Our Company hereby invites the public to give comments on the DRHP filed with SEBI with respect to disclosures made therein. The members of public are requested to send a copy of the comments to SEBI, to the Company Secretary and Compliance Officer of our Company and/or the BRLMs at their respective addresses mentioned below. All comments must be received by SEBI and/or our Company and/or the BRLMs and/or the Company Secretary and Compliance Officer of our Company at their respective addresses mentioned herein below in relation to the Issue on or before 5:00 p.m. on the 21st day from the aforesaid date of filing the DRHP with SEBI.

Investments in equity and equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in the Offer unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Offer, including the risks involved. The Equity Shares in the Offer have not been recommended or approved by the SEBI, nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the contents of the DRHP. Specific attention of the investors is invited to ***"Risk Factors"*** on page 30 of the DRHP.

Any decision to invest in the Equity Shares described in the DRHP may only be made after the red herring prospectus ("**Red Herring Prospectus**") has been filed with the RoC and must be made solely on the basis of such Red Herring Prospectus as there may be material changes in the Red Herring Prospectus from the DRHP.

The Equity Shares, when offered, through the Red Herring Prospectus, are proposed to be listed on the stock exchanges being BSE Limited ("**BSE**") and National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**" together with BSE, the "**Stock Exchanges**").

For details of the main objects of the Company as contained in its Memorandum of Association, see **"*History and Certain Corporate Matters*"** on page 269 of the DRHP.

For details of the share capital, capital structure of the Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them see **"*Capital Structure*"** on page 92 of the DRHP.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGERS | | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|---|
| AMBIT Acumen at work | AXIS CAPITAL | LINK Intime |
| **Ambit Private Limited**<br>Ambit House, 449 Senapati Bapat Marg<br>Lower Parel, Mumbai 400 013 Maharashtra, India<br>**Tel:** +91 22 6623 3030<br>**E-mail:** interarch.ipo@ambit.co<br>**Investor grievance e-mail:** customerservicemb@ambit.co<br>**Website:** www.ambit.co<br>**Contact person:** Nikhil Bhiwapurkar/Jatin Jain<br>**SEBI registration no.:** INM000010585 | **Axis Capital Limited**<br>1st Floor, Axis House, C-2<br>Wadia International Centre, P.B. Marg Worli,<br>Mumbai 400 025 Maharashtra, India<br>**Tel:** +91 22 4325 2183<br>**E-mail:** interarch.ipo@axiscap.in<br>**Investor grievance e-mail:** complaints@axiscap.in<br>**Website:** www.axiscapital.co.in<br>**Contact person:** Simran Gadh/Harish Patel<br>**SEBI registration no.:** INM000012029 | **Link Intime India Private Limited**<br>C-101, 1st Floor, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg,<br>Vikhroli (West) Mumbai 400 083 Maharashtra, India<br>**Tel:** +91 81081 14949<br>**E-mail:** interarch.ipo@linkintime.co.in<br>**Investor grievance e-mail:** interarch.ipo@linkintime.co.in<br>**Website:** www.linkintime.co.in<br>**Contact person:** Shanti Gopalkrishnan<br>**SEBI Registration No.:** INR000004058 |

*All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP.*

For **INTERARCH BUILDING PRODUCTS LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
**Nidhi Goel**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place** : New Delhi
**Date** : March 19, 2024

**INTERARCH BUILDING PRODUCTS LIMITED** is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake an initial public offer of its Equity Shares and has filed the DRHP dated March 18, 2024 with SEBI on March 19, 2024 and therafter with the Stock Exchanges. The DRHP is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges i.e., BSE at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com and on the website of the BRLMs, i.e. Ambit Private Limited at www.ambit.co and Axis Capital Limited at www.axiscapital.co.in and the website of our Company at www.interarchbuildings.com. Potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risk, see the section titled "***Risk Factors***" on page 30 of the DRHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI for making any investment decision.

This announcement does not constitute an invitation or offer of securities for sale in any jurisdiction. The Equity Shares offered in the Offer have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act or any state securities laws in the United States and, unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and in accordance with any applicable state securities laws. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold only outside the United States in "offshore transactions" as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdiction where those offers and sales are made.

CONCEPT

# पिछले 10 माह में शुद्ध एफडीआई में गिरावट

अभिजित लेले
मुंबई, 19 मार्च

अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के 10 महीने के दौरान भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 15.41 अरब डॉलर रहा जबकि यह बीते साल की समान अवधि में 25 अरब डॉलर था। शुद्ध एफडीआई में इस भारी गिरावट की वजह पूंजी की निकासी रही। देश से बाहर निकले विदेशी निवेश को जब देश में आए एफडीआई से घटाते हैं तो शुद्ध एफडीआई मिलता है।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े (मार्च 2024 की बुलेटिन) के मुताबिक अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के दौरान भारत में एफडीआई की आवक 25.53 अरब डॉलर की हुई थी, जबकि निकासी 10.11 अरब डॉलर की हुई। हालांकि एक साल पहले की इस अवधि में एफडीआई की आवक 36.75 अरब डॉलर थी जबकि निकासी 11.75 अरब डॉलर के आंकड़े पर थी।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 24 के 10 महीनों में भारत में प्रत्यक्ष निवेश करने वालों के द्वारा धन की स्वदेश वापसी/विनिवेश बढ़कर 34 अरब डॉलर हो गया जबकि अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 में यह 24.99 अरब डॉलर था। आरबीआई की 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर मार्च 2024 में जारी मासिक बुलेटिन के अनुसार वित्त वर्ष 24 के 10 महीनों में हासिल एफडीआई का करीब दो-तिहाई हिस्सा विनिर्माण, कंप्यूटर सेवाओं, बिजली व अन्य ऊर्जा क्षेत्रों में हासिल हुआ। भारत में करीब 80 फीसदी एफडीआई सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, नीदरलैंड, जापान और यूएई से आया। आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में दुनिया में एफडीआई की आवक सुस्त रही और इसमें वर्ष 2022 की तुलना में करीब 3 फीसदी ही इजाफा हुआ। हालांकि भारत ने एशिया में अपने अन्य समकक्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।



### रिजर्व बैंक का बुलेटिन

- इन 10 महीनों में विनिर्माण, कंप्यूटर सेवाओं, बिजली व अन्य ऊर्जा क्षेत्रों में करीब दो तिहाई एफडीआई हासिल हुई
- भारत में करीब 80 प्रतिशत यह राशि सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, नीदरलैंड, जापान और यूएई से आई
- आरबीआई के बुलेटिन 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' के अनुसार यूरोपीय देशों से साझेदारी के कारण एफडीआई की आवक बढ़ी

## एनआरआई जमा में 70.35 फीसदी वृद्धि

अभिजित लेले
मुंबई, 19 मार्च

**प्रवासी** भारतीयों की जमा राशि अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2024 के बीच 70.35 फीसदी बढ़कर 10.1 अरब डॉलर हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5.96 अरब डॉलर थी।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2024 के बीच विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर) खातों में भी प्रवाह बढ़कर 4.15 अरब डॉलर हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.28 अरब डॉलर था।

जनवरी, 2024 के अंत तक एनआरआई जमा की कुल प्राप्तियां (आउटस्टैंडिंग डिपॉजिट) 82.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 147.73 अरब डॉलर हो गईं। यह दिसंबर, 2023 में 146.90 अरब डॉलर थीं।

एफसीएनआर जमा दिसंबर 2023 के 22.81 अरब डॉलर से बढ़कर जनवरी, 2024 में 23.51 अरब डॉलर हो गया। यह जनवरी, 2023 के अंत तक में 18.20 अरब डॉलर से अधिक था।

प्रवासी बाह्य (एनआरई) जमा राशि जनवरी, 2024 में 97.46 अरब डॉलर थी, यह दिसंबर, 2023 के 97.69 अरब डॉलर से कम है। जनवरी, 2023 में 95.49 अरब डॉलर थी। जनवरी, 2024 में प्रवासी साधारण (एनआरओ) जमा राशि 26.74 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गई, जो दिसंबर, 2023 में 26.40 अरब डॉलर थी और एक साल पहले 23.12 अरब डॉलर थी।

## एलआरएस के तहत अधिक राशि भेजी गई

आतिरा वारियर
मुंबई, 19 मार्च

**भारतीय** रिजर्व बैंक की उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) से वित्त वर्ष 24 की अप्रैल से जनवरी की अवधि के दौरान करीब 24 प्रतिशत अधिक 27.42 अरब डॉलर विदेश भेजे गए जबकि यह एक साल पहले की अवधि में 22.08 अरब डॉलर था।

जनवरी, 2024 में विदेश 2.62 अरब डॉलर भेजा गया जबकि दिसंबर 2023 में 2.40 अरब डॉलर भेजा गया था। इस तरह जनवरी में करीब 9 प्रतिशत अधिक राशि विदेशी भेजी गई।

वित्त वर्ष 24 की अप्रैल-जनवरी की अवधि में अंतरराष्ट्रीय यात्रा खंड 30.67 प्रतिशत बढ़कर 14.95 अरब डॉलर हो गया जबकि यह बीते साल की समान अवधि में 11.44 अरब डॉलर था। करीबी रिश्तेदारों की देखभाल व विदेशी शिक्षा पर खर्च इस अवधि के दौरान 3.04 अरब डॉलर से बढ़कर 3.95 अरब डॉलर हो गया। इससे भी अधिक राशि विदेश भेजी गई।

भारतीयों ने जनवरी 2024 में अंतरराष्ट्रीय यात्रा के बाद सबसे ज्यादा धन करीबी रिश्तेदारों की देखभाल, विदेशों में शिक्षा और उपहार पर खर्च किया। आरबीआई के आंकड़ें के अनुसार विदेश में शिक्षा पर 44.946 करोड़ डॉलर, करीबी रिश्तेदारों की देखभाल पर 26.702 करोड़ डॉलर और उपहार पर 20.958 करोड़ रुपये खर्च किए गए। एलआरएस योजना की शुरुआत 2004 में हुई थी।

# प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के संकेत

पृष्ठ 1 का शेष...

**रिपोर्ट** में कहा गया है कि मुख्य मुद्रास्फीति में फरवरी के दौरान कुल मिलाकर तेजी आई है, जिससे पहले महंगाई कम रहने का असर खत्म हो गया। ऐसे में मौद्रिक नीति का रुख जोखिम को कम से कम करने की ओर ही रहना चाहिए ताकि वृद्धि की रफ्तार बनाए रखकर मुद्रास्फीति को लक्ष्य के मुताबिक नीचे लाया जा सके।

मांग की बात करते हुए रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में त्योहार होने के बावजूद अंतिम उपभोक्ता ने खर्च कम ही रखा। किंतु प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के कारण प्रीमियम उपभोक्ता कारोबार में तेजी दिख रही है।

उसमें कहा गया, 'घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) के आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में ड्यूरेबल्स और गैर-जरूरी उत्पादों पर प्रति व्यक्ति खर्च बढ़ा है। वास्तविक प्रति व्यक्ति आय भी सालाना 4 फीसदी चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 2011-12 के मुकाबे 1.5 गुना हो गई है।' हालांकि बाजार शोध का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि देसी एफएमसीजी क्षेत्र में अगले 6 महीनों में हल्की वृद्धि ही दिखने के आसार हैं। साथ ही अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सरकार की अंतिम खपत भी कम रही।

रिपोर्ट में इसका कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कुल मांग मुख्य रूप से निवेश की बदौलत आई थी और निजी पूंजीगत व्यय का सिलसिला तेज हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार कई क्षेत्रों में क्षमता का इतना अधिक इस्तेमाल हो रहा है कि नए निवेश की जरूरत पड़ सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी तक की सबसे अधिक लंबाई वाली चार लेन सड़कें चालू वित्त वर्ष में ही बनेंगी और 2037 तक देश में विश्व स्तरीय सड़क नेटवर्क तैयार हो जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर-दिसंबर 2023 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6 तिमाही की सबसे अधिक रफ्तार से बढ़ा। इसे आर्थिक गतिविधियों में तेजी, अप्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफे और सब्सिडी में कमी से दम मिला।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 8 फीसदी के करीब रहेगी जबकि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने दूसरे अग्रिम अनुमान में 7.6 फीसदी की बात कही है।

आरईसी लिमिटेड | REC Limited
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
आरईसी REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं Endless energy. Infinite possibilities.
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
निगमित कार्यालयः आरईसी वैश्विक मुख्यालय, प्लॉट नं. आई–4 इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास, सेक्टर–29, गुरुग्राम – 122001 (हरियाणा)
फोनः +91-124-4441300 | वेबसाइटः www.recindia.nic.in
सीआईएनः L40101DL1969GOI005095 | जीएसटीः 06AAACR4512R3Z3

**वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए तीसरे अंतरिम लाभांश की रिकॉर्ड तिथि**

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि आरईसी लिमिटेड के निदेशक मण्डल ने 19 मार्च, 2024 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए प्रत्येक ₹10/- के प्रति इक्विटी शेयर पर
₹4.50/- (चार रुपये और पचास पैसे केवल) का तीसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया है।
कंपनी ने उक्त अंतरिम लाभांश के भुगतान के उद्देश्य से शेयरधारकों की पात्रता की गणना के लिए 'रिकॉर्ड तिथि' के रूप में गुरुवार, 28 मार्च, 2024 निर्धारित की है। उक्त अंतरिम लाभांश का भुगतान 17 अप्रैल, 2024 को या उससे पहले उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके नाम (क) इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में धारित शेयरों के संबंध में 28 मार्च, 2024 को कारोबारी समय की समाप्ति पर डिपॉजिटरी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले विवरण में लाभकारी स्वामियों के रूप में; तथा (ख) भौतिक शेयरों के संबंध में 28 मार्च, 2024 को सदस्यों के रजिस्टर में सदस्यों के रूप में दर्ज हैं।

*टिप्पणीः–*
*जैसा कि पूर्व में सूचित किया गया था, लाभांश आय शेयरधारकों के लिए कर योग्य है। तदनुसार, कंपनी को लाभांश का भुगतान करते समय आयकर अधिनियम, 1961 में निर्धारित दरों पर स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की आवश्यकता होगी। टीडीएस संबंधी आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए पैन, फॉर्म 15जी/15एच और अन्य अपेक्षित दस्तावेजों की स्कैन प्रति अगर अब तक जमा नहीं कि है तो 28 मार्च, 2024 को या उससे पहले स्कैन प्रति 'virenders@alankit.com' को तथा सीसी में 'recigr@alankit.com' को रखकर ई–मेल के माध्यम से भेजें।*

कृते आरईसी लिमिटेड
ह/-
(जे.एस. अमिताभ)
कार्यपालक निदेशक और कंपनी सचिव
स्थानः गुरूग्राम
दिनांकः 19 मार्च, 2024

# रुपया एक माह के निचले स्तर पर

अंजलि कुमारी
मुंबई 19 मार्च



**रुपया** मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। बाजार के जानकारों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़त और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजे आने से पहले बनी सतर्कता की वजह से रुपये में यह कमजोरी आई है। फेड की बैठक के नतीजे बुधवार को भारतीय बाजार बंद होने के बाद आएंगे।

मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.04 पर बंद हुआ, जबकि सोमवार को यह 82.90 पर बंद हुआ था। इसके पहले रुपये ने 16 फरवरी को डॉलर के मुकाबले 83 का निचला स्तर छुआ था।

कोटक सिक्यूरिटीज के अनिंद्य बनर्जी ने कहा, 'फेड की प्रस्तावित बैठक की वजह से बाजार में घबराहट है। फेडरल रिजर्व का रुख आक्रामक रह सकता है और इसी वजह से बाजार में बिकवाली देखी जा रही है। यह बिकवाली कल तक जारी रह सकती है।' उन्होंने कहा, 'बुधवार शाम तक रुपया डॉलर के मुकाबले 82.90 से 83.10के बीच रह सकता है।' इस बीच डॉलर इंडेक्स मजबूत होकर104.01 के स्तर पर पहुंच गया, जबकि यह इसके पहले 103.41 पर बंद हुआ था। यह इंडेक्स छह प्रमुख मुद्राओं के बॉस्केट के मुकाबले डॉलर की ताकत को आंकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूदा वित्त वर्ष में 57.6 अरब डॉलर बढ़ गया है। प्रमुख विदेशी मुद्रा भंडार वाले देशों में चीन के बाद भारत में ही सबसे ज्यादा भंडार है। डॉलर का भंडार रखने वाले अन्य प्रमुख देशों में जापान, ब्राजील और ताइवान शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक 8 मार्च, 2024 तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 636.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया जो वित्त वर्ष 2023-24 के करीब10.9 महीने के आयात के लिए काफी है और सितंबर 2023 तक भारत के कुल बाह्य ऋण बकाये के 100 फीसदी से ज्यादा है। रिजर्व बैंक ने जनवरी में शुद्ध रूप से 1.95 अरब डॉलर की खरीद की है। महीने के दौरान केंद्रीय बैंक ने 10.4 अरब डॉलर की खरीद और 8.4 अरब डॉलर की बिक्री की।

# राज्य प्रतिभूतियों की यील्ड बढ़ी

अंजलि कुमारी
मुंबई, 19 मार्च

**देश** के 17 राज्यों ने मंगलवार को साप्ताहिक नीलामी के जरिये 50,206 करोड़ रुपये जुटाए। इससे राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों पर यील्ड बढ़ गई। इस नीलामी में 10 वर्ष के परिपत्रों के लिए कट ऑफ यील्ड का दायरा 7.44 से 7.50 प्रतिशत रखा गया था जबकि पिछली नीलामी का दायरा 7.36 से 7.41 प्रतिशत था।

इसके लिए कैलेंडर राशि 27,801 करोड़ रुपये थी लेकिन अधिसूचित राशि कहीं अधिक रही। इससे पहले राज्यों की सर्वाधिक एकल नीलामी 24 मार्च, 2024 को हुई थी और इसमें 35,821 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। एक सरकारी बैंक के डीलर ने कहा, 'निवेशकों और बैंकों की तरफ से मांग थी।' उन्होंने कहा, 'अगली नीलामी में उधारी ली जाने वाली राशि के और बढ़ने की उम्मीद है।'



### रिकॉर्ड आपूर्ति का हुआ असर

- इस नीलामी में 10 वर्ष के परिपत्रों के लिए कट ऑफ यील्ड का दायरा 7.44 से 7.50 प्रतिशत रखा गया था
- अगली नीलामी में उधार ली जाने वाली राशि के और बढ़ने की उम्मीद है

बाजार के भागीदारों का अनुमान है कि इस सप्ताह हुई नीलामी की तुलना में अंतिम नीलामी में राज्य सरकारी की प्रतिभूतियों की आपूर्ति अधिक हो सकती है। इससे इस तिमाही की अंतिम नीलामी में राज्य सरकार की प्रतिभूतियों की यील्ड और बढ़ सकती है।

सांकेतिक कैलेंडर के अनुसार इस वित्त वर्ष में अगले सप्ताह राज्य अंतिम नीलामी में हिस्सा लेंगे। उम्मीद यह है कि इस अंतिम नीलामी में राज्य बाजार से 29,399 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे।

हालांकि यूएस फेडरल रिजर्व की बुधवार को होने वाली बैठक के मद्देनजर सरकारी बॉन्ड यील्ड मंगलवार को अपेक्षाकृत स्थिर रही। सरकारी बॉन्ड का बेंचमार्क यील्ड मंगलवार को 7.10 प्रतिशत था जबकि यह सोमवार को 7.09 प्रतिशत था।

# अगले वित्त वर्ष में पटरी पर उतरेंगी 50 अमृत भारत ट्रेनें

ध्रुवाक्ष साहा
नई दिल्ली, 19 मार्च

### उम्मीदों पर खरी उतरेगी आधुनिक खूबियों वाली गैर एसी ट्रेन

- वित्त वर्ष 2025 में अमृत भारत के 1,230 अपग्रेड कोच बनाए जाएंगे
- वंदे भारत ट्रेन पर ध्यान केंद्रित किए जाने पर मंत्रालय की आलोचना हुई थी
- इसके बाद रेल मंत्रालय ने 2023 में अमृत भारत ट्रेन पेश की थी
- यह रेलगाड़ी सुरक्षा मानकों के साथ तेज गति से चल सकती है



**गैर** वंदे भारत ट्रेनों में भी बेहतर सुविधाएं देने के लिए केंद्र की योजना वित्त वर्ष 2024-25 में कई नई अमृत भारत ट्रेन शुरू करने की है। रेल मंत्रालय की उत्पादन इकाइयों में 50 ऐसी ट्रेनों का निर्माण किया जाएगा। इनमें यात्रियों को यात्रा के दौरान शानदार अनुभव मिलेगा।

रेलवे के सूत्रों के मुताबिक चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ), रायबरेली की मॉडर्न कोच फैक्टरी (एमसीएफ) और कपूरथला की रेल कोच फैक्टरी (आरसीएफ) में 1,230 रेल डिब्बों का निर्माण किया जाएगा। इस क्रम में आईसीएफ और आरसीएफ, प्रत्येक में 492 अमृत भारत के डिब्बे बनाएंगे जबकि एमसीएफ 246 डिब्बे बनाएगा।

असल में कई राजनीतिक दलों व सिविल सोसायटी ने रेलवे की बात के लिए आलोचना की थी कि वह वंदे भारत जैसी प्रीमियम सेवाओं पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके बाद रेल मंत्रालय ने साल 2023 में अमृत भारत ट्रेन पेश किया। यह पूरी तरह गैर एसी और बेहतर डिजाइन, सुविधाओं और सुरक्षा मानकों वाली ट्रेन थी।

यह नई ट्रेन रेलवे की दो जरूरतों, बढ़ती मांग और सुरक्षा मानकों को पूरा करेगी। यह रेलगाड़ियां स्लीपर, जनरल और द्वितीय श्रेणी के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगी। इन श्रेणियों में मांग पहले ही कोविड महामारी से पहले के दौर के करीब पहुंच चुकी है। त्योहारों यानी पीक सीजन जैसे दिवाली और छठ पूजा पर यात्रियों को सफर करने के लिए रेलगाड़ियों में जगह नहीं मिल पाती है। दूसरा, सुरक्षा मानकों को बेहतर किया जाएगा और इन रेलगाड़ियों में सेमी परमानेंट कप्लर और सील्ड गैंगवे जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इनसे इन रेलगाड़ियों की स्पीड बढ़ जाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिसंबर में बिज़नेस स्टैंडर्ड को बताया था, 'मानक के रूप में 130 किलोमीटर प्रति घंटा की गति रखना समझदारी है लेकिन तकनीकी रूप से होता यह है कि ट्रेन की अलग-अलग इकाइयां अगर इस गति पर चल रही हैं तो वह एयरोडायनमिक (वायुगतिकीय) रूप से अस्थिर हो जाती है। अब हमने अमृत भारत में सील्ड गैंगवे, सेमी परमानेंट कप्लर और एयरोडायनमिक रूप से बेहतर ट्रेन सुविधा मुहैया कराई है। लिहाजा यह रेलगाड़ी तेज गति से चलने के लिए सुरक्षित हो गई है।'

रेलवे उत्पादन इकाइयों को नई सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। इन सुविधाओं में वंदे भारत की सीट की तरह आरामदायक सीट आदि उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इस पर उत्पादन इकाइयों में कार्य जारी है।

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(एक महारत्न कम्पनी)
पीएफसी PFC
पंजीकृत कार्यालय : ऊर्जानिधि, 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, भारत
ईमेल : investorsgrievance@pfcindia.com, वेबसाइट : www.pfcindia.com
सीआईएन : L65910DL1986GOI024862. टेलीफोन : +91 11 23456000, फैक्स : +91 11 23412545.

**इक्विटी शेयरों के आईईपीएफ में अंतरण हेतु सूचना**

यह सूचना कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा अधिसूचित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षा, हस्तांतरण एवं वापसी) नियम, 2016 (''नियम'') के अनुसरण में प्रकाशित की जाती है। कथित नियमों में अन्य बातों के साथ–साथ यह निर्धारित किया गया है कि ऐसे सभी शेयर जिन पर लाभांश निरंतर सात वर्षों या अधिक समय से अदत्त/अदावाकृत है, उन्हें आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते को हस्तांतरित करना आवश्यक है।

तदनुसार, नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) मैसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा उन शेयरधारकों के नवीनतम उपलब्ध पते पर व्यक्तिगत सूचना भेजी गई है जिनके शेयर अंतरिम लाभांश 2016-2017 के बाद से लगातार अदावाकृत लाभांश राशि के कारण आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं। यदि शेयरधारक **7 अप्रैल, 2024** तक उपरोक्त लाभांश का दावा करने में विफल रहते हैं तो कंपनी कथित नियमों के अनुपालन में शेयरधारक के नाम पर पंजीकृत कंपनी के अंतर्निहित इक्विटी शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में हस्तांतरित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी। कृपया ध्यान दें कि उक्त नियमों के अनुसार आईईपीएफ को हस्तांतरित अदावाकृत लाभांश राशि और शेयरों के संबंध में कंपनी के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जाएगा।

कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों और आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में हस्तांतरण के लिए देय शेयरों का विवरण अपनी वेबसाइट **www.pfcindia.com** पर भी अपलोड किया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बिना भुनाए लाभांश और आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में हस्तांतरित किए जाने वाले शेयरों के विवरण को सत्यापित करने के लिए वेब लिंक **https://pfcindia.com/ensite/Home/VS/170** को देखें।

शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि अदावाकृत लाभांश और आईईपीएफ प्राधिकरण के डिमेट खाते में हस्तांतरित किए गए शेयरों और ऐसे शेयरों पर होने वाले सभी लाभ सहित, यदि कोई हो तो, नियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आईईपीएफ प्राधिकरण से वापस पाने का दावा किया जा सकता है।

किसी भी पूछताछ के मामले में कृपया कंपनी के पंजीकृत कार्यालय या आर एंड टीए से उनके निम्नलिखित पते/ईमेल/टेलीफोन नंबर पर संपर्क करें:–

**केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड**
यूनिटः पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 एवं 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, हैदराबाद–500032, भारत
टोल फ्री नं. 1800-3454-001
ई–मेलः einward.ris@kfintech.com
वेबसाइटः www.kfintech.com

कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
हस्ता./-
कंपनी सचिव

# '8 करोड़ प्रवासी मजदूरों के राशन कार्ड बनाएं'

### सुप्रीम कोर्ट का राज्यों को निर्देश

- इस संबंध में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अनुपूरक हलफनामा दाखिल करना है
- सर्वोच्च न्यायालय इस मामले की अगली सुनवाई दो महीने बाद करेगा

**सर्वोच्च** न्यायालय ने मंगलवार को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत करीब 8 करोड़ प्रवासी मजूदरों को दो महीने में राशन कार्ड मुहैया करवाएं। इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले मजदूर शामिल नहीं हैं।

इस संबंध में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अनुपूरक हलफनामा दाखिल करना है। इस मामले की अगली सुनवाई दो महीने बाद होगी। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने 20 अप्रैल, 2023 के निर्देश का पालन नहीं करने पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की निष्क्रियता पर संज्ञान लिया। इस पोर्टल पर 28.6 करोड़ पंजीकृत हैं और इनमें से 20.63 करोड़ पंजीकृत राशन कार्ड वाले आंकड़ें हैं। न्यायालय ने बीते अप्रैल को कहा था कि ई श्रम पोर्टल पर बाकी पंजीकर्ताओं के पास अभी भी राशन कार्ड नहीं है। राशन कार्ड के बिना प्रवासी/ असंगठित क्षेत्र के श्रमिक व उसके परिवार को इस योजना के फायदों और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के फायदों से वंचित कर दिया जाएगा। इस संबंध में अदालत ने मंगलवार को कहा कि बेवजह के कारणों जैसे 80 करोड़ श्रमिकों के लिए जानें अपने ग्राहक आदि से देरी की गई और अदालत के आदेश का पालन किया जा सकता था। *बीएस*

## बीएस सूडोकू 4926

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 6 | | | 5 |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| | | 7 | 3 | | | 9 | | |
| | | 6 | | | | | | 9 |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| | | | | | 8 | | 2 | |
| | 8 | | 5 | 4 | | | 7 | 3 |
| | | 3 | | 8 | | | | 6 |
| | | | | | 3 | | 1 | |

## परिणाम संख्या 4925

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 |

**कैसे खेलें ?**
हर रो, कॉलम और 3 के बाई 3 के बॉक्स में 1 से लेकर 9 तक की संख्या भरें।

**बहुत मुश्किल** ★★★★★

**डिस्क्लेमर..** बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉरपोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै. बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. का सर्वाधिकार सुरक्षित है बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा. लि. से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस प्रकार का निषिद्ध कार्य किए जाने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरू की जाएगी।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 17 अंक 29


# एमएसएमई और निर्यात अवसर

सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रम (एमएसएमई) क्षेत्र में यह संभावना है कि वह निर्यात को बढ़ावा देकर तथा देश की आर्थिक गतिविधियों में योगदान करके देश के विकास के इंजन की भूमिका निभा सके। बहरहाल देश के निर्यात में इसकी हिस्सेदारी कम हो रही है और यह वित्त वर्ष 20 के 49.77 फीसदी से कम होकर वित्त वर्ष 23 में 42.67 फीसदी रह गई है। नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट इस संदर्भ में उपायों की एक श्रृंखला प्रस्तावित करती है ताकि एमएसएमई के निर्यात में इजाफा किया जा सके। एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कारोबार में सहायता पहुंचाकर उनके राजस्व में विविधता लाई जा सकती है और उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में इजाफा किया जा सकता है। इसके साथ ही नवाचार और रोजगार बढ़ाने में भी इससे मदद मिल सकती है। रिपोर्ट ऐसे कई क्षेत्रों को चिह्नित करती है जहां एमएसएमई विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा हासिल कर सकते हैं। इनमें हस्तकला, हथकरघे पर बुना कपड़ा, आयुर्वेद और जड़ी बूटियों से बनने वाले पूरक आहार, चमड़े की वस्तुएं, नकली आभूषण और लकड़ी से बनने वाले उत्पाद शामिल हैं। ऐसा इसलिए कि इनमें निर्माण की पारंपरिक तकनीक और कला का इस्तेमाल किया जाता है तथा इनका विरासती मूल्य भी है।

वैश्विक स्तर पर इन क्षेत्रों का बाजार 340 अरब डॉलर से अधिक है। हालांकि भारत में श्रमिकों की प्रचुरता है परंतु इसके प्रतिस्पर्धियों मसलन वियतनाम, चीन और बांग्लादेश ने कम कौशल वाले वस्तु निर्यात में अच्छी खासी बढ़त हासिल कर ली है। इस संदर्भ में एमएसएमई की क्षमताओं का इस्तेमाल कम कौशल वाले क्षेत्रों में भारत के निर्यात को बढ़ावा दे सकता है। कम कौशल वाले विनिर्मित उत्पादों के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी महज 5 फीसदी के करीब है। यह दिलचस्प है कि हाल के दिनों में ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस में सफलता भारत के पक्ष में गई है। ऐसा देश और विदेश दोनों स्थानों पर हुआ है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने भी अबाध निर्यात को मदद पहुंचाई है और व्यापक बाजार पहुंच में सहायता की है। वर्ष 2021 तक सालाना करीब एक लाख भारतीय निर्यातक इन प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल कर रहे थे। जिससे कुल मिलाकर 5 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात राजस्व हासिल हो रहा था। इसके बावजूद एमएसएमई के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पाद बेचने को लेकर नियामकीय बाधाएं मौजूद हैं। उदाहरण के लिए देश में शुल्क रियायत और निर्यात प्रोत्साहन प्रक्रियाओं में मोटे तौर पर निर्यात के समय माल ढुलाई के कार्गो स्वरूप को पहचाना जाता है। इससे कूरियर से निर्यात करने वाले ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए निर्यात प्रोत्साहन पाना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा बाजार शोध के लिए मंगाए गए नमूने अथवा ई-कॉमर्स में नकारी गई वस्तुएं जो वापस की जाती हैं या ऑनलाइन बिक्री में नहीं बिकने वाली वस्तुओं को दोबारा आयात करने पर आयात शुल्क लगाया जाता है। ऐसी बाधाएं एमएसएमई कंपनियों के मुनाफे पर असर डालती हैं। ऐसे में एमएसएमई निर्यात को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रणनीति बनाने की आवश्यकता है जिसमें ऐसे प्रोत्साहन हों जो ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों को बिना नियामकीय बाधाओं के काम करने की इजाजत देते हों।

समस्याओं का यहीं अंत नहीं होता। कुल एमएसएमई में से करीब 90 फीसदी सूक्ष्म उपक्रमों के रूप में दर्ज हैं और उनमें बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता नहीं है। भारत में मौजूदा नीतिगत परिदृश्य ऐसा है जहां एमएसएमई को छोटे पैमाने पर काम करने को प्रोत्साहित किया जाता है जिससे यह समस्या बरकरार है। औद्योगिक विवाद अधिनियम (आईडीए), 1947 तथा अन्य श्रम कानून भी एक वजह है। हालांकि श्रम कानूनों को संसद ने सुसंगत बनाया लेकिन उनका क्रियान्वयन नहीं किया गया। इसके अलावा निर्यात के काम में बड़े पैमाने पर कागजी कार्रवाई की आवश्यकता होती है, ऋण तक पहुंच बनाने में दिक्कत होती है और लक्षित बाजार के बारे में सीमित जानकारी भी देश में एमएसएमई की निर्यात क्षमता को प्रभावित करती है। इन गतिरोधों को दूर करने के बाद ही एमएसएमई क्षेत्र के निर्यात प्रदर्शन में सुधार किया जा सकता है। रिपोर्ट में एआई इंटरफेस वाले एकीकृत पोर्टल की बात की गई है ताकि एमएसएमई तक सूचनाएं प्रसारित हो सकें। कार्यशील पूंजी की मदद से निर्यात ऋण गारंटी को बढ़ावा दिया जा सकता है। सामान्य तौर पर वित्त तक पहुंच बढ़ाकर तथा सूचनाओं की विसंगति को कम करे एमएसएमई के निर्यात को गति प्रदान की जा सकती है।

बिनय सिन्हा



# जटिलताओं से भरा दवा क्षेत्र का नियमन

## लोगों के जीवन के लिए दवाएं महत्त्वपूर्ण हैं लेकिन इनके नियमन की प्रक्रिया ज्यादा जटिल व अधिक चुनौतीपूर्ण है। बता रहे हैं के पी कृष्णन

कई उपभोक्ता सामान की सूचनाओं में अक्सर विषमता की समस्या होती है। यह उम्मीद करना अनुचित है कि उपभोक्ता हर बार किसी उत्पाद, खासकर खाद्य पदार्थों और दवाओं की शुद्धता और गुणवत्ता की जांच स्वयं करेगा। उदाहरण के तौर पर, 13 मार्च को दिल्ली में एक बड़े नकली दवा कारोबार का पर्दाफाश हुआ। सरकार का हस्तक्षेप 'बाजार की इस विफलता' को दूर करने में उपयोगी हो सकता है, बशर्ते इसके अनुरूप पर्याप्त सरकारी क्षमता तैयार की जा सके। भारत सरकार ने 12 मार्च को दवा की मार्केटिंग के लिए एक समान संहिता (यूसीपीएमपी) 2024 को अधिसूचित किया है। हालांकि यह अच्छी मंशा से लाया गया है लेकिन यह एक अलग ही तरह का दस्तावेज है क्योंकि इसमें दवाओं के प्रचार के लिए एक 'स्वैच्छिक' आचार संहिता है।

आमतौर पर बाजार अच्छी तरह से काम करते हैं। कपड़े खरीदते समय, हम परिधान निर्माता की प्रतिष्ठा को देखते हुए भरोसा करते हैं। अगर कोई कमीज सिकुड़ जाती है या बटन टूट जाता है तब अगली बार हम ब्रांड बदल लेते हैं। ग्राहक का ब्रांड का साथ छोड़ना ही फीडबैक होता है। कंपनियों को इसका सीधा असर इनके तिमाही प्रदर्शन और शेयर कीमतों पर दिखता है। यह प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया कंपनियों को ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए एक-दूसरे के साथ होड़ में रखती है।

हालांकि, खाद्य पदार्थ या दवाओं के मामले में उपभोक्ताओं द्वारा इस तरह की आजमाइश करना मुश्किल होता है। जब खाने की चीजों को कई घंटों तक गर्म रखे गए तेल में तला जाता है तो यह शरीर को दीर्घावधि में नुकसान पहुंचाता है। हालांकि उपभोक्ता शायद इसके लिए खाद्य उत्पादक को जिम्मेदार नहीं ठहरा पाएंगे। नकली ऐंटीबायोटिक भी संक्रामक बीमारी के प्रभाव को कम कर देता है और ऐसा इसलिए होता है कि मानव शरीर ज्यादातर संक्रमण से खुद ही लड़ सकता है और थोड़ा प्लेसेबो प्रभाव (जिसमें व्यक्ति को अंदाजा होता है कि कोई दवा दी गई है भले ही वह असरदार न हो) भी ठीक होने में मदद करता है। दूसरी ओर, भारत में कई लोग अक्सर घटिया गुणवत्ता वाली दवाओं के कारण भी जल्दी ठीक नहीं हो पाते हैं। हालांकि, दवा उद्योग और नियामकों ने दवाओं की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक जटिल टूलकिट तैयार किया है। दवा बनाने वाली फैक्टरियों को लाइसेंस की जरूरत होती है। दवा निर्माण के लिए जरूरी सामग्री के विवरणों का निरीक्षण किए जाने के साथ ही उसे रिकॉर्ड भी किया जाता है। दवा निर्माण में जुटे लोगों की योग्यता का जिक्र भी किया जाता है और दवा उत्पादन फैक्टरियों का लगातार निरीक्षण किया जाता है।

भारत में इस विषय से संबंधित कानून हैं और इन नियमों को निर्धारित और लागू करने के लिए प्रशासनिक तंत्र भी मौजूद है। ये कानून 75 साल से भी ज्यादा पुराने हैं, जिनमें कई तरह के संशोधन किए गए हैं। भारत में 'नियामकीय सिद्धांत' के क्षेत्र के सबक से भी अंदाजा मिला है कि सामान्य तकनीकों में उल्लेखनीय सुधार के जरिये कैसे राज्य नियामकों की क्षमता में वृद्धि हुई है। हालांकि, यह जानकारी अभी तक दवाओं की गुणवत्ता के नियमन में शामिल नहीं की गई है। दवा क्षेत्र, केंद्र और राज्य दोनों के समवर्ती अधिकार क्षेत्र से जुड़ा है जबकि वित्तीय क्षेत्र के नियमन में यह बात नहीं है। वित्त क्षेत्र स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार के अधीन है। जहां राज्य सरकारों ने दवा निर्माण को विनियमन के अपने लक्ष्य के रूप में देखा है, वहीं, पूरा ध्यान राज्य के निर्माताओं से हटाकर राज्य के उपभोक्ताओं पर केंद्रित करना अधिक युक्तिसंगत होगा। प्रत्येक राज्य को अपनी सीमा के भीतर की गई खरीद के लिए उपभोक्ताओं के हित के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। इससे ठीक तरीके से प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य नियामक भी अपने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा की ओर बढ़ेंगे। निर्माण के क्षेत्र में, भारत की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि यहां विदेशी दवा गुणवत्ता नियामकों की उपस्थिति है जिससे निर्यात करने वाली फैक्टरियों की गुणवत्ता को बढ़ावा दिया जाता है। उदाहरण के लिए, ऐसी फैक्टरियां अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) द्वारा अनुमोदित होने का दावा करके भी अपनी गुणवत्ता का संकेत दे सकती हैं। हालांकि, इस प्रगति में एक प्रमुख सीमा बाधा बनती है और वह है भारत का मूल्य नियंत्रण है जिसके चलते ये अक्सर उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक खर्च स्तर में दखल देते हैं।

लेकिन दवा विनिर्माण में गुणवत्ता से इतर, समस्या पूरी वितरण श्रृंखला में दिखने लगती है। इस जाल में कहीं से भी असामाजिक तत्त्व सेंध लगा सकते हैं। दवा केंद्र में उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाने वाली संभावित दो समस्याएं हो सकती हैं।

पहली समस्या यह है कि दवाएं नकली या घटिया हो सकती हैं और वितरण/परिवहन श्रृंखला में बेईमान बिचौलिये ही मूल दवाओं की जगह पर नकली दवाएं दे सकते हैं। दूसरी समस्या, ऐसी स्थितियों से जुड़ी है जिनमें वैकल्पिक दवा या सही दवाओं के आकलन की आवश्यकता होती है। जब डॉक्टर द्वारा बताए गए ब्रांड की दवा उपलब्ध नहीं होती है या डॉक्टर ने बिना किसी ब्रांड या विशेष नाम के केवल दवा का सामान्य नाम (उदाहरण के लिए पैरासिटामोल) बता दिया हो तब ऐसी स्थिति बन सकती है।

इन दोनों ही स्थितियों में, दवा की दुकान में दवा देने वाला व्यक्ति जानकार होना चाहिए और मरीज/ग्राहक को वही दवा देनी चाहिए जो आवश्यक है। भारत के संदर्भ में प्रगति के लिए नई रणनीतियों की आवश्यकता है, साथ ही भारत में राज्य की क्षमता की सीमाओं को भी ध्यान में रखना होगा। आपूर्ति श्रृंखला में दवाओं की प्रामाणिकता को बेहतर बनाने के लिए सार्वजनिक ब्लॉकचेन पर दवा के बारे में पता लगाने की प्रणाली संभवतः मददगार साबित हो सकती है। ब्लॉकचेन-आधारित दवा के बारे में पता लगाने का एक मुख्य पहलू प्रत्येक दवा इकाई को एक विशिष्ट पहचान देना है। प्रत्येक दवा इकाई को एक डिजिटल पहचान के साथ जोड़कर, हितधारक आसानी से इसके तैयार होने, इसकी प्रामाणिकता और आपूर्ति श्रृंखला के बारे में जानकारी ले सकते हैं और इसे सत्यापित कर सकते हैं।

रिकॉर्ड के अनुसार भारत में लगभग 10 लाख दवा विक्रेता हैं, लेकिन साथ ही बड़ी संख्या में अनधिकृत फार्मेसी भी चल रही हैं। कानून के अनुसार दवाओं के वितरण और बिक्री के लिए एक पंजीकृत दवा विक्रेता होना आवश्यक है। विनियामक की जिम्मेदारी भी केंद्र और राज्य सरकारों में विभाजित है। एक अतिरिक्त जटिलता यह है कि दवा विक्रेताओं की शिक्षा, पेशे और उनके कामकाज के लिए एक अलग नियामक होता है। इस संवैधानिक माहौल में अच्छे समाधान खोजने के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता होगी।

इस आलेख का हर महत्त्वपूर्ण तर्क सांख्यिकीय उपायों की ओर जाता है, जिनकी वर्तमान में देश में कमी है। डेटा के अभाव में समस्याओं का निदान करना, समाधानों की कल्पना करना या नीतिगत हस्तक्षेपों में गलतियां करने पर फीडबैक पाना कठिन होता है। प्रगति के इस सफर में नीतिगत पाइपलाइन मौजूद है जहां किसी कदम को छोड़ा नहीं जा सकता है। हम डेटा से शोध, नवाचार समाधान डिजाइन से लेकर सार्वजनिक बहस, नीतिगत फैसले से नीतिगत क्रियान्वयन की ओर बढ़ते हैं। यह क्षेत्र डेटा की बुनियाद वाली सीमाओं से ग्रस्त है। दवा उद्योग कैसे काम करता है और विभिन्न प्रकार की विफलताओं के चलन को समझने के लिए एक बेहतर उपाय वाला तंत्र बनाने की आवश्यकता है।

*(लेखक पूर्व लोक सेवक और आइजैक सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी में मानद वरिष्ठ फेलो हैं)*

# आरबीआई के लिए गोल्ड लोन कितना अहम



**बैंकिंग साख**
तमाल बंद्योपाध्याय

**इस** महीने की शुरुआत में, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईआईएफएल फाइनैंस लिमिटेड को गोल्ड लोन मंजूर करने और इसका वितरण तत्काल प्रभाव से रोकने का निर्देश दिया था। हालांकि, आईआईएफएल फाइनैंस अपने मौजूदा गोल्ड लोन पोर्टफोलियो को बनाए रख सकती है और सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रिया पर काम कर सकती है। आखिर बैंकिंग नियामक ने यह कदम क्यों उठाया है?

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनैंस गोल्ड लोन की निगरानी में यह देखा कि ऐसे ऋण की मंजूरी देते समय और ऋण चुकाने में विफल रहने वालों से पैसे वसूलने के लिए सोने की नीलामी करते समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन का निर्धारण करने के साथ ही और उसकी प्रमाणन प्रक्रिया में गंभीर चूक कर रहा था। आरबीआई को ऋण-मूल्य (एलटीवी) अनुपात यानी ऋण लेने वालों द्वारा दी गई जमानत (इस मामले में, सोना) के मूल्य के बरअक्स ऋण अनुपात में गड़बड़ी मिली थी। (व्यक्तिगत ऋण के तौर पर गोल्ड लोन के लिए एलटीवी 75 प्रतिशत है। आरबीआई ने इसे 2020 में ही महामारी फैलने के बाद मार्च 2021 तक की अवधि के लिए बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया था। कृषि के लिए दिए जाने वाले गोल्ड लोन में हमेशा 90 प्रतिशत एलटीवी होता है।)

इसमें अन्य नियामकीय उल्लंघन भी होता रहा है जिससे ऋण लेने वाले के हित पर असर पड़ने के साथ ही गोल्ड लोन बाजार की वृद्धि पर भी असर पड़ता है।

सोने के बदले ऋण देने का कारोबार अब लगभग हर बैंक के पोर्टफोलियो में लोकप्रिय है जबकि पहले यह दक्षिण भारत की कुछ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) जैसे मुथूट फाइनैंस लिमिटेड, मणप्पुरम और मुथूट फिन कॉर्प लिमिटेड तक सीमित था। इसके ग्राहकों में सबसे गरीब तबके के लोग शामिल हैं जो विभिन्न वित्तीय मध्यस्थों के पास सोना गिरवी रखकर ऋण लेने के लिए तैयार हैं जो कोविड से पहले के समय में वर्जित था। तेजी से बढ़ रहे गोल्ड लोन बाजार की निगरानी करने में बैंकिंग नियामक अकेले नहीं है। वित्त मंत्रालय भी इस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। दरअसल आरबीआई द्वारा गोल्ड लोन देने वाले एनबीएफसी के खिलाफ कार्रवाई करने से एक हफ्ते पहले, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जनवरी 2022 से खोले गए गोल्ड लोन खाते की व्यापक समीक्षा करने के लिए लिखा था। इसको लेकर कई तरह की चिंताएं हैं जिनमें गिरवी रखी गई चीजों की गुणवत्ता, बैंकों की ब्याज लागत और प्रसंस्करण शुल्क और ऐसे कई ऋणों का जल्दी बंद होना शामिल है। यह वास्तव में यह भी जानना चाहता है कि क्या बैंक मौजूदा फंसे ऋण को भुगतान चूक से रोकने के लिए उधारकर्ताओं को नए ऋण भी दे रहे हैं या नहीं। भारत में सोने की कीमत और गोल्ड लोन में बढ़ोतरी के चलते ही सरकार और आरबीआई दोनों ने सक्रियता दिखाई है। आंकड़ों के अनुसार पिछले एक साल में सोने की कीमतों में 16.6 प्रतिशत और गोल्ड लोन में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

बात सिर्फ इतनी नहीं है, सोने का आयात भी तेजी से बढ़ रहा है। फरवरी में सालाना आधार पर सोने का आयात 134 प्रतिशत बढ़कर 6.2 अरब डॉलर हो गया। मौजूदा वित्त वर्ष के पहले 11 महीने में अंतरराष्ट्रीय सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर हैं और इस दौरान सोने का आयात 39 प्रतिशत बढ़कर 44 अरब डॉलर हो गया है, जबकि पिछले साल यह 31.7 अरब डॉलर था। यह रुझान आगे भी जारी रहने की संभावना है। फरवरी की वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि सोना एक रणनीतिक संपत्ति क्यों है। सोने में नकदी की मात्रा अधिक होती है और इसमें कोई ऋण जोखिम नहीं होता है और यह दुर्लभ भी है जिसके चलते यह ऐतिहासिक रूप से समय के साथ इसके मूल्य को बनाए रखता है। इसे विविध स्रोतों के मांग का फायदा भी निवेश के रूप में, एक आरक्षित संपत्ति के रूप में, सोने के आभूषण के रूप में और एक तकनीकी घटक के रूप में (यह बिजली का एक सुपर कंडक्टर है) मिलता है। एक निवेशक के लिए, इन सभी विशेषताओं का मतलब यह है कि सोना तीन प्रमुख तरीकों से किसी पोर्टफोलियो को बढ़ा सकता है जिसमें दीर्घकालिक प्रतिफल की पेशकश करना, विविधीकरण और नकदी शामिल है। चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना आयातक भारत है और यहां दुनिया के सोने का 14 प्रतिशत भंडार है जो लगभग 27,000 टन है। इसके करीब 20 फीसदी या 5,300 टन सोने के बदले ऋण लेने के लिए गिरवी रखा गया है। हालांकि, इस बाजार का 65 प्रतिशत औपचारिक वित्तीय प्रणाली के बाहर है। आईआईएफएल फाइनैंस का दिसंबर में गोल्ड लोन पोर्टफोलियो 24,692 करोड़ रुपये था। मुथूट फाइनैंस 66,000 करोड़ रुपये के पोर्टफोलियो के साथ, एनबीएफसी के गोल्ड लोन श्रेणी में सबसे बड़ा है। मणप्पुरम फाइनैंस का पोर्टफोलियो 20,809 करोड़ रुपये है। दिसंबर 2023 तक देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक का गोल्ड लोन पोर्टफोलियो 30,881 करोड़ रुपये था। यह निजी ऋण के रूप में दिए गए गोल्ड लोन की मात्रा है। सोने को गिरवी पर रखकर आमतौर पर दिए गए कृषि ऋण का पोर्टफोलियो 1 लाख करोड़ रुपये है। बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नैशनल बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, फेडरल बैंक लिमिटेड और साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड अन्य बैंक के पास भी अपेक्षाकृत बड़े गोल्ड लोन पोर्टफोलियो हैं। एनबीएफसी और वाणिज्यिक बैंकों के अलावा, सहकारी बैंक, निधियां (एनबीएफसी का एक रूप) और वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियां भी इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मोटे तौर पर, बैंकों की बाजार हिस्सेदारी 40 प्रतिशत और एनबीएफसी की 60 प्रतिशत है।

बजाज फिनसर्व लिमिटेड, एक बड़ा और विविधता से भरा एनबीएफसी है और अनुमान है कि भारत का गोल्ड लोन बाजार जो 2022 में 55.52 अरब डॉलर तक के दायरे में था वह 2029 तक 12.22 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर के साथ 124.45 डॉलर के स्तर को छू लेगी। अब बैंकों की चुनौतियों पर विचार करते हैं। जब कोई व्यक्ति गोल्ड लोन लेने का फैसला करता है तब पहले बैंक, उस सोने की शुद्धता की जांच करते हैं जिसे गिरवी के तौर पर रखा जा रहा होता है। वे 18 से 24 कैरट सोना के बदले ऋण लेने के इच्छुक होते हैं। सोने की शुद्धता की जांच, काले पत्थर पर रगड़कर की जाती है और या इसे खुरच कर इसमें नाइट्रिक एसिड का इस्तेमाल कर शुद्धता जांच की जाती है। लेकिन इसमें भी कुछ खामियां रह जाती हैं क्योंकि सोने की मोटी परत के चलते कई दूसरी धातुएं छिप सकती हैं। आमतौर पर गोल्ड लोन कुछ महीने के लिए दिए जाते हैं या फिर एक साल के लिए दिए जाते हैं। भुगतान में चूक की स्थिति में बैंक, ऋण लेने वालों को नोटिस देने के साथ ही अखबार में विज्ञापन देने के बाद सोने की नीलामी करता है। इन चुनौतियों के बावजूद बैंकों में गोल्ड लोन के लिए उत्साह है क्योंकि ये पूरी तरह सुरक्षित है और सोना गिरवी रखे जाने के चलते बैंक को इस तरह के ऋण का समर्थन करने के लिए किसी पूंजी की जरूरत नहीं है। नवबंर 1962 से ही जब पहला गोल्ड बॉन्ड जारी किया गया था तब से ही कई बार सोने को भुनाने की कोशिशें हुईं। अब सोने के बदले ऋण लेने की रफ्तार में तेजी आ रही है और इसका मकसद टिकाऊ वृद्धि है।

## आपका पक्ष

### मजबूत निगरानी तंत्र, त्वरित न्याय प्रणाली आवश्यक

विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में धांधली पर अंकुश लगाने के लिए केवल कठोर कानूनों का निर्माण ही पर्याप्त नहीं है। दोषियों को शीघ्र सजा देने की व्यवस्था करने के साथ ही परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए नए उपाय भी करने होंगे। पिछले अनुभव बताते हैं कि सिर्फ सख्त कानून से परीक्षाओं में न तो नकल रोकी जा सकती है और न प्रश्न पत्र लीक होने की घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है और न भर्तियों में होने वाले घोटाले रोके जा सकते हैं। असल में यह कई अध्ययनों से प्रमाणित हो चुका है कि किसी भी अपराध के लिए सजा चाहे जैसी हो, अगर यह सुनिश्चित किया जाता है कि पकड़े जाने पर निश्चित रूप से सजा होगी, तब अपने आप अपराध कम होंगे। अपराधी को यह चिंता होगी कि वह पकड़ा जाएगा और पकड़े जाने पर अनिवार्य रूप से सजा होगी। तभी वह डरेगा। ऐसा तभी हो सकता है, जब निगरानी तंत्र मजबूत हो, जांच अधिकारी प्रशिक्षत हों, आधुनिक तकनीक से लैस हों और वस्तुनिष्ठ जांच करें और अंत में न्याय प्रणाली ऐसी हो, जहां निश्चित अवधि में स्वतंत्र व निष्पक्ष सुनवाई संभव हो। जाहिर है इसके लिए समूचे तंत्र को बेहतर बनाने की जरूरत है। विद्यार्थियों और युवा वर्ग के भविष्य, उनके कीमती समय व कठोर मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाना जरूरी है। शायद तभी योग्य विद्यार्थियों के साथ न्याय हो सकेगा।

*सुधीर कुमार सोमानी, देवास*



**युवा वर्ग के भविष्य, उनके कीमती समय व कठोर मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाना जरूरी है**

### सड़क हादसे चिंता का विषय

हमारे देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों के आंकड़े चिंता का विषय है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार 4 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इनमें लगभग 1 लाख से अधिक की लोगों की मौत हो गई और करीब 4 लाख लोग घायल हुए। सरकार सड़क हादसे रोकने के लिए कानून बनाती है लेकिन ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने के कारण हादसों की संभावना बढ़ जाती है। सड़क पर सावधानी, सतर्कता और ट्रैफिक नियमों का पालन करने से अपनी तथा दूसरों की जान बचाई जा सकती है। सड़क हादसे रोकने के लिए सख्त नियमों के साथ कड़ाई से पालन कराना जरूरी है। अगर कोई ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता पकड़ा जाए तो वह जुर्माना देने से बचना नहीं चाहिए। इससे लोग नियमों का पालन करेंगे। लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करना अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझना चाहिए। ट्रैफिक नियमों को शिक्षा का एक जरूरी हिस्सा बनाया जाए। हिट ऐंड रन के कानून का दुरुपयोग रोकने की भी जरूरत है। इस कानून के दुरुपयोग से चालक मुसीबत में न फंसें और भीड़तंत्र चालकों की जान पर भारी न पड़े। इस भय से मुक्त करने के लिए सरकार को इस कानून में उचित प्रावधान करना चाहिए। हिट ऐंड रन के मामले में लोगों की जान बचाई जा सकती है। हिट ऐंड रन करने वाला हादसे के बाद भागने के बजाय घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश करे तो घायल व्यक्ति की जान बच सकती है। इस कानून के लिए पुलिस को भी अपना रवैया बदलना होगा।

*राजेश कुमार चौहान, जालंधर*

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिज़नेस स्टैंडर्ड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in
पत्र/ईमेल में अपना डाक पता और टेलीफोन नंबर अवश्य लिखें।

## देश-दुनिया

फोटो - पीटीआई



**नवनियुक्त चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार (बाएं) तथा सुखबीर सिंह संधू (दाएं) ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. लि., एशियन मशीनरी ईक्यू.पी लि., अरुमुघम.एनपी, एंटनी.एमए, अलागर.एस., अलागेंद्रन.आर., अय्यप्पन.एम, मनोनमणि जे, यमुना वी, जवाहरलाल डी, वेंकटेश दुरई जे, महालक्ष्मी जे, जनार्धनन एस, जयमाला के, करुणामूर्ति एस, शिवसुब्रमण्यम नादर वी, पाकियालक्ष्मी एस, कालीमणि एन, धनलक्ष्मी आर, बालाकुमार के, रीभा देवराज, शीबा देवराज, विजयसेली देवराज, मनिकवासगम टी, सीतारमन वीपी, सुषमा चंदोके, उषा पलानीस्वामी, सुंदरेसन के, शांति आर, विजयलक्ष्मी एम, थिलैराज डी, उषा देवी बी, शनमुगसुंदरम बी |
| ५६ | ५०४३४५ | सैम लीसेको लि. | एच-४-५, एवरेस्ट बिल्डिंग, ९वीं मंजिल, तारदेव रोड, मुंबई - ४०००३४, महाराष्ट्र | १.१ | ऑरनेट टैल्कम प्रा. लि., सिफ्को फाइनेंस लि., सिफ्को लि., मिलन इन्वेस्टमेंट्स लि., भूपेन्द्र सी दलाल, वीणा मिलन दलाल, सत्येन भूपेन्द्र दलाल, असीम भूपेन्द्र दलाल, अदिति असीम दलाल |
| ५७ | ५३२०३१ | सारंग केमिकल्स लि. | सी/४/८०६, अनुश्रुति टावर्स, थलतेज जैन देरासर के पास, थलतेज क्रॉस रोड, एसजी रोड, अहमदाबाद - ३८००५४, गुजरात | ०.८५ | हेतल एल राठौड़, दिनकर बी श्रीमाली, ललित के राठौड़ |
| ५८ | ५३२०२१ | सेनबो इंडस्ट्रीज लि.* | ८७ लेनिन सारणी, कोलकाता - ७०००१३, पश्चिम बंगाल | ० | सुशांत भट्टाचार्जी, सायंतनी सेनगुप्ता, समीरन भट्टाचार्जी, किंगशुक सेनगुप्ता, काजल सेनगुप्ता, एलेना सेनगुप्ता, सेनबो इंजीनियरिंग लि., एम्बिकॉन इंजीनियरिंग प्रा. लि. |
| ५९ | ५०५५१३ | श्री शालीन टेक्सटाइल्स लि. | सी-१०८, रूम बी, क्रिस्टल प्लाजा को-ऑप सोसायटी, ई विंग, न्यू लिंक रोड, इनफिनिटी मॉल के पास, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - ४०००५३, महाराष्ट्र | २.२१ | सर्वोदय इम्पेक्स प्रा. लि., |
| ६० | ५०५५९२ | श्रीकृष्णा बायोटेक लि. | बी - १७ और १८, ओम स्वाति मनोर सीएचएस लि., दूसरी मंजिल, एनसी केलकर रोड, प्लाजा सिनेमा के पास, दादर, मुंबई - ४०००२८, महाराष्ट्र | १२.१३ | संतोष मोदी, पूजा ढांडा, चाणक्य ढांडा, अशोक लाला |
| ६१ | ५०४३८२ | सिम्प्लेक्स ट्रेडिंग एंड एजेंसीज़ लि. | तीसरी मंजिल, चीनूभाई हाउस, ७-बी अमृतबाग कॉलोनी, सरदार पटेल स्टेडियम के सामने, हिंदू कॉलोनी के पास, नवरंगपुरा, अहमदाबाद - ३८००१४, गुजरात | ९.८६ | - |
| ६२ | ५२३८४६ | स्काईपैक सर्विस स्पेशलिस्ट्स लि.* | १ए, जे.के. इंडस्ट्रियल एस्टेट, महाकाली केव्स रोड की दूसरी ओर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - ४०००९३, महाराष्ट्र | ० | दिलीप होल्डिंग्स प्रा. लि., संगीता कुलकर्णी, देविका कुलकर्णी |
| ६३ | ५३९१६८ | स्पाइसिस लि.* | प्लॉट नंबर १६४ और १६५, एपीआईआईसी, आईडीए पशम्यालार्म, मेडक - ५०२३०७, तेलंगाना | ७.८६ | जे शोभनाद्रि |
| ६४ | ५३१९०१ | स्टर्लिंग वेबनेट लि. | १०४, समेध बिल्डिंग, एसोसिएटेड पेट्रोल पंप के पास, सी.जी. रोड, अहमदाबाद - ३८०००६, गुजरात | ० | - |
| ६५ | ५१२०७५ | सूचक ट्रेडिंग लि. | ३०५, मेहता चैंबर, नालासोपारा रेलवे स्टेशन के सामने, नालासोपारा पूर्व, मुंबई - ४०१२०९, महाराष्ट्र | १०.३६ | - |
| ६६ | ५१२३११ | सुरभि केमिकल्स एंड इन्वेस्टमेंट्स लि. | ४०२, कॉर्नर पॉइंट, कालापेसी मोहल्ला, इलाहाबाद बैंक के पास, नानपुरा, सूरत - ३९५००१, गुजरात | १.५६ | महाधन विनकॉम प्रा. लि., बीना अग्रवाल, बिष्णु दत्त गोयनका |
| ६७ | ५२१०३८ | तमिलनाडु जय भारत मिल्स लि.* | २१२, रामासामी नगर, अरुप्पुकोट्टई - ६२९१५९, तमिलनाडु | ० | अरुप्पुकोट्टई श्री विजयलक्ष्मी टेक्सटाइल्स लि., श्री रामलिंगा मिल्स प्रा. लि., एस रुक्मणि, के राजमणि, गुरुसामी, जे वासुदेवकी, आर मंगलेश्वरी, केजी पार्थसारथी, वी रामासामी, जे सीतालक्ष्मियाम्मल, आर चेम्पाकादेवी, वी परमेश्वरी, जे वासुदेवकी, ए वसंता, आर महालक्ष्मी, वी रामासामी नायकर, टीआर वर्धराजन, टीआर जयारमन, दिनकरण सेंथिलकुमार, कोथाई डी, डी निर्मला, दिनकरन टीआर |
| ६८ | ५३८२८७ | तरंग प्रोजेक्ट्स एंड कंसल्टेंट लि. | बी३८/३, महाराजा कॉलोनी, महमूरगंज, वाराणसी - २०१०१०, उत्तर प्रदेश | १०.१३ | - |
| ६९ | ५०४३५८ | टर्बोटेक इंजीनियरिंग लि. | फ्लैट नंबर १०५, पहली मंजिल, आदर्श बिल्डिंग, १२, अम्बेडकर हॉल के सामने, आरटीओ लेन, ४ बंगला, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - ४०००५३, महाराष्ट्र | २.३७ | - |
| ७० | ५१२३०७ | टाइफून होल्डिंग्स लि.* | ऑफिस नं. ७१७, ७वीं मंजिल, मिडास, सहर प्लाजा, अंधेरी- कुर्ला रोड, कोहिनूर होटल के आगे, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - ४०००५९, महाराष्ट्र | ०.९७ | काजल शाह |
| ७१ | ५१९२७३ | उन्नो इंडस्ट्रीज लि. | सिद्धि विनायक अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर २०६, ओशिवारा, गुजराती समाज रोड, संत चोकामेला रोड, विले पार्ले ई, मुंबई - ४०००५७, महाराष्ट्र | ०.९८ | लाइन-वन ट्रेडिंग प्रा. लि., इन्फ्रास्टिल ट्रेडिंग प्रा. लि. |
| ७२ | ५२२०१५ | वीसीसीएल लि.* | सी-३, पानकी औद्योगिक क्षेत्र, साइट I, कानपुर - २०८०२२, उत्तर प्रदेश | ० | एलएमएल लि. |
| ७३ | ५३८५४८ | विटान एग्रो इंडस्ट्रीज लि. | नंबर १४, जगन्नाथन रोड, नुंगमबक्कम, चेन्नई - ६०००३४, तमिलनाडु | १ | - |
| ७४ | ५३००९१ | जाइडेन जेंटेक लि. | १४३/१, दीपश्री बिल्डिंग, कोटड़ी रोड, गुमानपुरा, कोटा - ३२४००७, राजस्थान | ० | दीपक रियल एस्टेट डेवलपर्स इंडिया प्रा. लि., पूनम गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता |

**तालिका - ४ - कंपनियां, जिन्हें १० जनवरी २०२४ से अनिवार्य रूप से असूचीकृत किया गया है**

| क्रमांक. | स्क्रिप कोड | कंपनी का नाम | एक्सचेंज रिकॉर्ड के अनुसार पता | प्रमोटरों द्वारा सार्वजनिक शेयरधारकों को भुगतान किया जाने वाला उचित मूल्य (रु.) | एक्सचेंज रिकॉर्ड के अनुसार प्रमोटरों के नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | ५३१२४७ | अल्फा हाई-टेक फ्यूल लि. | स्टेशन रोड, लखतार, सुरेंद्र नगर - ३८२७७५, गुजरात | १.१२ | प्रदीप अनंतराय साह, श्रीकांत वसंतलाल जवेरी, राजू केशवलाल पारेख, राजेंद्र नवीनचंद्र सांघवी, जयंत अनंतराय शाह, भानुबेन जयसुखलाल शाह, अल्पा हरेन शाह, भद्रेश नवीनचंद्र ध्रूव, हरेन जयसुखलाल साह |
| २ | ५०६०२७ | भोरूका एल्यूमिनियम लि. | नंबर ४२७ई, दूसरी मंजिल, हेब्बल इंडस्ट्रियल एरिया, मैसूर - ५७००१६, कर्नाटक | ०.४७ | सनब्राइट इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि., रॉकस्ट्रांग इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि., राजकुमार अग्रवाल |
| ३ | ५०७८८६ | ध्रुव एस्टेट्स लि. | बी/७०९, सागर टेक प्लाजा, अंधेरी कुर्ला रोड, साकीनाका जंक्शन, अंधेरी पूर्व, मुंबई - ४०००७२, महाराष्ट्र | ९.२५ | संजय कानूनगो |
| ४ | ५१२२०७ | एफिंगो टेक्सटाइल एंड ट्रेडिंग लि. | कार्यालय संख्या एल-३०/ए, ड्रीम्स द मॉल गेट नंबर २, एलबीएस मार्ग, भांडुप स्टेशन के पास, भांडुप पश्चिम, मुंबई - ४०००७८, महाराष्ट्र | १.३ | मंत्रा कंसोल प्रा. लि. लि. |
| ५ | ५११३६९ | फर्स्ट फाइनेंशियल सर्विसेस लि. | ५२, एफ३, पहली मंजिल, डायमंड ब्लॉक, श्री कृष्ण वाटिका अपार्टमेंट, गांधी मेन रोड, पुझल, तिरुवल्लूर, चेन्नई - ६०००६६, तमिलनाडु | १.५ | - |
| ६ | ५३९००९ | जीबीएल इंडस्ट्रीज लि. | ८०१, सफल प्रिल्यूड , ८वीं मंजिल, बी/एच. पिनेकल बिजनेस पार्क, कॉर्पोरेट रोड, प्रह्लादनगर, अहमदाबाद - ३८००१५, गुजरात | १०.७७ | मीना जनक पारिख, पारिख जनकभाई नरोत्तमदास, दोषी जयेंद्र कांतिलाल-एचयूएफ, जयेंद्र कांतिलाल दोशी |
| ७ | ५३१९०४ | ग्लोबस कॉर्पोरेशन लि. | १०२, संजय चैंबर्स, चौबले लेन, वी पी रोड, ओपेरा हाउस, मुंबई - ४००००४, महाराष्ट्र | ० | महेंद्र चंदूलाल शाह |
| ८ | ५०९५८६ | गोविंद पोय ऑक्सीजन लि.* | फैब्रिका डी गैस कार्बोनिको, एनएच १७, नुवेम, सालसेटे - ४०३६०४, गोवा | ८१.२२ | बिनीता संजय पोय रायतुरकर, संजय अचुत पोय रायतुरकर |
| ९ | ५२०१३९ | जैस्सन एयरलाइंस लि. | १८-बी, एसडीए कॉम्प्लेक्स, कसुमती, शिमला - १७१००९, हिमाचल प्रदेश | ० | प्रदीप गुप्ता, रविंदर कौर होरा, जगदीश प्रसाद गुप्ता, जगसन इंटरनेशनल लि. |
| १० | ५४२६५३ | जिनाम्स ड्रेस लि. | प्लॉट नंबर ५२४, रोड नंबर ५, जीआईडीसी, सचिन, सूरत - ३९४२३०, गुजरात | ४०.०८ | नेहा विशाल ओसवाल, जुआना राहुल ओसवाल, पुष्पबेन हेमराज ओसवाल, हेमराज पुखराज ओसवाल, राहुल ओसवाल एचयूएफ, मोनिका राहुल ओसवाल, विशाल हेमराज ओसवाल एचयूएफ, रोमन अपेरल्स प्रा. लि., हेमराज पुखराज ओसवाल एचयूएफ, राहुल हेमराज ओसवाल, विशाल हेमराज ओसवाल |
| ११ | ५०६०१६ | जेआरआई इंडस्ट्रीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि.* | १, बोरकर कंपाउंड, डब्ल्यूई हाईवे, बोरीवली (ई), मुंबई - ४०००६६, महाराष्ट्र | ७.७८ | धनश्री ड्रीमहोम्स प्रा. लि., अमोल शंकरराव बोरकर, सुनंदा शंकरराव बोरकर, शंकरराव अम्बुशी बोरकर |
| १२ | ५३९२०० | नोबल पॉलीमर्ज़ लि.* | चौथी मंजिल, ४०३/ए, शिवालिक कॉर्पोरेट पार्क, सामने अश्वमेघ बैंग्लोज़, पेट्रोल पंप के पीछे, १३२ फीट रिंग रोड, सैटेलाइट, अहमदाबाद - ३८००१५, गुजरात | ० | - |
| १३ | ५४०६९८ | नौरिट्रांस एक्ज़िम लि. | १०१/१७, प्रीमियर शॉपिंग सेंटर, मिर्ज़ापुर रोड, अहमदाबाद - ३८०००१, गुजरात | १३.७७ | शाहीन वोहरा, नूरजहाँ इकबाल वोहरा, आसिफ वोहरा |
| १४ | ५११५९७ | पाल्सॉफ्ट इन्फोसिस्टम्स लि. | डी - ४६९, रोड नंबर ९ ए, वी.के.आई. एरिया, जयपुर - ३०२०१३, राजस्थान | ० | ऑटोलाइट (इंडिया) लि., अनुभा गुप्ता, आदर्श महिपाल गुप्ता एचयुएफ, आदर्श महिपाल गुप्ता, स्नेहा गोयल, भावना गुप्ता, अमित महिपाल गुप्ता एचयुएफ,अमित गुप्ता, उषा गुप्ता, महिपाल गुप्ता एचयुएफ, माही पाल गुप्ता |
| १५ | ५३९९६२ | क्रेस्ट फाइनेंशियल सर्विसेस लि. | २१, सेंटर पॉइंट, दूसरी मंजिल, हेमन्त बसु सारणी, कमरा नंबर २३०, कोलकाता - ७००००१, पश्चिम बंगाल | ३.५१ | वर्चुअस होल्डिंग्स प्रा. लि., सबिता जाजोदिया, प्रकाश कुमार जाजोदिया, किशन कुमार जाजोदिया, अनिता जाजोदिया |
| १६ | ५३८८७६ | एसटी सर्विसेस लि. | ९२ बी, चित्तरंजन एवेन्यू, दूसरी मंजिल, कोलकाता - ७०००१२, पश्चिम बंगाल | ८.२८ | इक्विसेक होल्डिंग प्रा. लि. लि., सुयश शेयर्स प्रा. लि., गौतम मोंडल |
| १७ | ५१२४६५ | सैंटोविन कॉर्पोरेशन लि. | शॉप नंबर ०५, कॉनकॉर्ड सीएचएस लि., एनएस रोड नंबर १०, जेवीपीडी, विले पार्ले, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई - ४०००४९, महाराष्ट्र | ० | अंकुश अशोक गुप्ता, सुषमा अशोक गुप्ता, अक्षत अशोक गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता (एचयूएफ) |
| १८ | ५३२०२८ | सूर्या फन सिटी लि.* | एससीओ-१०८६, १०८७, सेक्टर - २२बी, चंडीगढ़ - १६००२२, चंडीगढ़ | १४३.७७ | साका इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि., कमलजीत सिंह, सरबजीत सिंह, गुरुबक्स सिंह, पुनीत अरोड़ा, डोली सरबजीत सिंह, गुरुसीस सिंह, अंगदीप सिंह |
| १९ | ५३१६९५ | वेरोनिका प्रोडक्शन लि.* | १३०, सिल्वर चैंबर, टैगोर रोड, अतुल मोटर्स के सामने, राजकोट - ३६०००२, गुजरात | ० | सुपर क्रिएटिव स्पेयर्स प्रा. लि., हितेश कुर्जीभाई रूपारेलिया |
| २० | ५१२०६७ | विश्वज्योति ट्रेडिंग लि. | ७ ए, साई शक्ति सीएचएस, एलटी रोड, दहिसर - पश्चिम, मुंबई - ४०००६८, महाराष्ट्र | १.०७ | प्रियदर्शिनी कनोरिया, संजय कुमार कनोरिया |
| २१ | ५३८८७३ | विनी कमर्शियल एंड फिस्कल सर्विसेस लि. | ४ए, कपालीटोला लेन, कोलकाता - ७०००१२, पश्चिम बंगाल | ८.७७ | एडमंड सिक्योरिटीज प्रा. लि., सेंटुपल फाइनेंस प्रा. लि. |

**तालिका - ५ - अनिवार्य रूप से असूचीकृत की गई अन्य कंपनियां**

| क्रमांक. | स्क्रिप कोड | कंपनी का नाम | एक्सचेंज रिकॉर्ड के अनुसार पता | प्रमोटरों द्वारा सार्वजनिक शेयरधारकों को भुगतान किया जाने वाला उचित मूल्य (रु.) | असूचीकरण की तारीख | एक्सचेंज रिकॉर्ड के अनुसार प्रमोटरों के नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ५४०६९७ | ए एंड एम फेबकॉन लि. | ए-२, हीरा आनंद टावर, गोरधनवाड़ी टेकारा, कांकरिया, अहमदाबाद - ३८०००८, गुजरात | ८.६३ | ०५ सितम्बर २०२३ | शाह रेणुकाबेन रमेश, वरुण जिग्नेशकुमार शाह, पारिख झलक पूर्वेश, देसाई देवाभाई नागजीभाई |
| २ | ५०००३० | ऑटोराइडर्स फाइनेंस लि. | १२५/१२६, महाराजा कॉम्प्लेक्स, नेहरू रोड, शिरपुर, धुले जिला, धुले, महाराष्ट्र, ४२५४०५ | ० | १७ अक्टूबर २०२३ | ऑटोराइडर्स इंडिया प्रा. लि., मेहा फाइनेंस प्रा. लि., केतकी मुकेश पटेल, भूपेश रसिकलाल पटेल, कृति भूपेश पटेल, तपन मुकेश पटेल, मुकेश रसिकलाल पटेल अमरीश रसिकलाल पटेल, मेहा मुकेश पटेल, हेमंतबेन रसिकलाल पटेल, रसिकलाल सी पटेल एचयूएफ, मुकेश रसिकलाल पटेल एचयूएफ, स्नेहा अमरीश पटेल, अमरीश रसिकलाल पटेल एचयूएफ, दिशा भूपेश पटेल |
| ३ | ५३४७४० | भनोट कंस्ट्रक्शन एंड हाउसिंग लि. | ३१०-३११, भनोट कॉर्नर-१, पंपोश एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश-I, नई दिल्ली - ११००४८, दिल्ली | ७.०३ | ०९ अगस्त २०२३ | इंडिका क्रेडिट्स (प्रा.) लि., राजेंद्र देव भनोट, राजीव भनोट, रेखा भनोट, श्रुति शर्मा, अदिति भनोट, भव्या भनोट, भव्या भनोट, विजय शर्मा, दुष्यन्त शर्मा, सोमिया शर्मा, संजीव भनोट |
| ४ | ५१२३३२ | बिरला कैपिटल एंड फाइनेंशियल सर्विसेस लि.* | १५९, इंडस्ट्री हाउस, ५वीं मंजिल, चर्चगेट रिक्लेमेशन, मुंबई - ४०००२०, महाराष्ट्र | ०.०४ | २६ जुलाई २०२३ | शियरसन इन्वेस्टमेंट्स एंड ट्रेडिंग कंपनी प्रा. लि., निर्वेद ट्रेडर्स प्रा. लि., गोदावरी कॉर्पोरेशन प्रा. लि., बिरला बॉम्बे प्रा. लि., एशियन डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रा. लि., अरुणकुमार गंगाप्रसाद सिंघी, पुरूषोत्तम शर्मा |
| ५ | ५०३८२३ | बिरला ट्रांसएशिया कारपेट्स लि.* | प्लॉट नंबर ३ और ४, इंडस्ट्रियल एरिया, सिकंदराबाद, बुलंदशहर - २०३२०५, उत्तर प्रदेश | ० | २६ फ़रवरी २०२४ | लक्ष्मी प्रॉपर्टीज प्रा. लि., गोदावरी कॉर्पोरेशन प्रा. लि., जेनिथ लि., बिरला बॉम्बे प्रा. लि., निर्वेद ट्रेडर्स प्रा. लि. |
| ६ | ५३१२७० | डेज़ल कॉन्फिडिव लि. | एसबीजी ४, ऑफिस नं. १०, टोंक रोड, एयर इंडिया के पीछे, नेहरू पैलेस, लाल कोठी, जयपुर - ३०२०१५, राजस्थान | १.०३ | १२ जुलाई २०२३ | कॉन्सेप्ट टू विन इन्फोटेक प्रा. लि., सूर्यांश शेयर्स एंड स्टॉक प्रा. लि., सुनील अग्रवाल |
| ७ | ५३४७५७ | फोकस इंडस्ट्रियल रिसोर्सेस लि. | १०४, मुकुंद हाउस, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, आज़ादपुर, दिल्ली - ११००३३, दिल्ली | १७ | ०५ सितम्बर २०२३ | प्रदीप कुमार जिंदल एंड संस एचयूएफ, एस.के. जैन, रेनू जैन, प्रदीप कुमार जिंदल, मीरा मिश्रा, ममता जिंदल, लक्ष्मण सिंह सत्यपाल, कनिका, अर्चित जिंदल, आंचल जिंदल |
| ८ | ५३१२०० | मैपल इंफ्राप्रोजेक्ट्स लि.* | जी १, पारेख प्लाजा, वल्लभभाई रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई - ४०००५६, महाराष्ट्र | २.११ | ०३ नवंबर २०२३ | रंजनाबेन एल पारेख, अश्मि पारेख, आदित्य ए पारेख, नीलेश एल पारेख, पंकज टी पारेख, निराली ए पारेख, शिव एन पारेख, शिव एन पारेख, सोहा एन पारेख, संजय एस आचार्य, लता एस आचार्य, शिवकुमार सी. आचार्य, कुलीन नलिनकांत शाह, मेपल रियलटर्स प्रा. लि., दादर प्लाईवुड प्रा. लि., मेपल कम्युनिकेशंस प्रा. लि., पारेखसंस बिल्डर्स प्रा. लि., पारेख लैमिनेट्स प्रा. लि., ललितभाई टी पारेख, ललित टी. पारेख, अतुल एल. पारेख, ललित टी .पारेख, ललितभाई टी. पारेख, ललित टी. पारेख, ललित टी. पारेख, ललित टी. पारेख, ललितभाई टी. पारेख, ललितभाई टी. पारेख |
| ९ | ५००२७४ | मेस्को फार्मासिटिकल्स लि. | अपर केसलटन, तल्लीताल, नैनीताल - २६३००१, उत्तराखंड | ० | १२ नवंबर २०२३ | ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी फाइनेंस लि., कुसम सिंह, अशोका कुमारी, शिप्रा सिंह, चित्रा सिंह, डीके सिंह, डीके सिंह (एचयूएफ), रीता सिंह, जेके सिंह, जेके सिंह (एचयूएफ), नताशा सिंह |
| १० | ५३९३११ | निष्ठा फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट (इंडिया) लि. | ए/२०२, दूसरी मंजिल, नरनारायण कॉम्प्लेक्स, नवरंगपुरा बस स्टॉप के पास, स्वास्तिक क्रॉस रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद - ३८०००९, गुजरात | १०.५९ | १२ नवंबर २०२३ | चेतनकुमार हरिभाई चोवटिया, जोशी आशीष |
| ११ | ५१३६१३ | प्रेशा मेटलर्जिकल लि. | ब्लॉक नंबर डी-२०९, सुमेल - ११, इंडियन टेक्सटाइल प्लाजा, नमस्ते सर्कल के पास, साहिबबाग, अहमदाबाद - ३८०००४, गुजरात | ३४.८८ | २७ दिसंबर २०२३ | - |
| १२ | ५२६८०१ | पीएसएल लि.# | काचीगाम, दमन - ३९६२१०, दमन और दीव | लागू नहीं | ३१ जुलाई २०२३ | साईशक्ति प्रॉपर्टीज़ प्रा. लि., पुंज इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि., पुंज इंटरनेशनल प्रा. लि., ब्रोकन हिल्स इंटरनेशनल प्रा. लि., पीएसएल करोशन कंट्रोल सर्विसेस लि., यूरोकॉस्टिक प्रोडक्ट्स लि., बीएचआई लि., जया ए पुंज, राघव ए पुंज, अशोक वाई पुंज***, आर्य ए पुंज, अदिति आलोक पुंज, आलोक पुंज, शकुंतलारानी वाय पुंज**, अर्जुन ए पुंज, संध्या ए पुंज*, केशव ए पुंज, अशोक योगिंदर पुंज, नीरा ए पुंज |
| १३ | ५२६८३३ | राजेंद्र कैटरर्स एंड कन्फेक्शनर्स लि. | नंबर ४१/९, मेदावलक्कम मेन रोड (रिलायंस फ्रेश के पीछे), गणेश नगर, मडिपक्कम, चेन्नई - ६०००९१, तमिलनाडु | ० | २१ सितंबर २०२३ | सेथुराम आर, कृष्णमूर्ति एस, नारायणमूर्ति ए, हरिनाथ, गणेश एस, सुरिवासगम, वसंत जे, आरएस गणेश, राज्यश्री टीआर, राजशेखर टीएनटी, अनंती आर |
| १४ | ५१२४०९ | राजसंकेत रियल्टी लि. | १३९ सेकसरिया चैंबर्स द्वितीय तल एन एम रोड फोर्ट, मुंबई - ४०००२३, महाराष्ट्र | ० | १२ नवंबर २०२३ | राजेश यूनिसेप्स प्रा. लि., सुरेशभाई मकाडिया, विनूभाई मकाडिया, अनिल मकाडिया, हरेश कुमार वल्लभदास सुतारिया, शोभना पटेल, प्रीति पटेल, शीला सुरेश पटेल, शिल्पा राजेश पटेल, नरसीभाई पटेल एचयूएफ, अजय पटेल, अनीता हरीश पटेल, राहुल एन पटेल, महेश पटेल, भानुमति पटेल, राजेश राघवजी पटेल, हरीश राघवजी पटेल |
| १५ | ५३०८०७ | रेगलिया रियल्टी लि. | १०, तारापोर एवेन्यू, हैरिंगटन रोड, चेन्नई - ६०००३१, तमिलनाडु | ० | ०५ जुलाई २०२३ | सुधाकर रेड्डी, कार्वी फाइनेंशियल सर्विसेस लि. |
| १६ | ५२६०८५ | सागर टूरिस्ट रिसॉर्ट्स लि.* | सागर निवास कुल्लू, मनाली - १७५१३१, हिमाचल प्रदेश | ० | १२ नवंबर २०२३ | अमृत सागर चोपड़ा, सागर आर्ट (इंटरनेशनल) फिल्म्स प्रा. लि., सागर लीला फिनवेस्ट प्रा. लि., सागर आर्ट्स प्रा. लि., गौरी फिल्म्स प्रा. लि., अमरप्रतीक बिल्डर्स प्रा. लि., सुभाष सागर कर्ता एचयूएफ, शिव सागर, शीला सागर, शांति सागर, शक्ति सागर, शबनम सागर, सरिता चौधरी, रेखा सागर, प्रेम सागर स्वयं और दूसरों के साथ संयुक्त, प्रेम सागर कर्ता पति, निशा आनंद सागर, नीलम सागर, मोती सागर स्वयं और दूसरों के साथ संयुक्त, मोती सागर कर्ता पति, मनीषा आहूजा, ज्योति सागर स्वयं और दूसरों के साथ संयुक्त, गौरी सागर, गंगा सागर, आनंद सागर स्वयं और दूसरों के साथ संयुक्त, आनंद सागर कर्ता एचयूएफ, अमर सागर |
| १७ | ५२४५४० | सिकंदराबाद हेल्थकेयर लि. | १-६-२२०/१/१, दूसरी मंजिल, राम नगर, हैदराबाद - ५०००२०, तेलंगाना | १८.७५ | १२ जुलाई २०२३ | डेनियल सोलोमन बंदुगुला |
| १८ | ५०३६९३ | सॉलिटेयर इन्वेस्टमेंट्स कंपनी लि.* | कार्यालय क्रमांक १, भवन क्रमांक ७, द्वारका सीएचएसएल, पुराने बीएमसी कार्यालय के पास, शास्त्री नगर, गोरेगांव पश्चिम, मुंबई - ४००१०४, महाराष्ट्र | १०.४६ | ११ अक्टूबर २०२३ | हाई स्पीड फाइनेंस लि., रमेश जोशी, नवनाथ केरबा भगत |
| १९ | ५१५११५ | एसटीआई ग्रेनाइट इंडिया लि.* | सुइट-बी, लेकव्यू फार्म रामगोंडानहल्ली, वरथुर मेन रोड, बेंगलुरु - ५६००६६, कर्नाटक | ० | ०५ सितम्बर २०२३ | ट्रस्टको इन्वेस्टमेंट्स लि., डैनफिया होल्डिंग्स लि., गुडियल इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस प्रा. लि., एसटीआई एमेनिटीज एंड हॉस्पिटैलिटीज लि. (पहले जीबी स्टील प्रा. लि. के नाम से ज्ञात), पीथमपुर टूल्स प्रा. लि., एसटीआई फाइनेंस लि., हाइसन इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस प्रा. लि., एसटीआई फैब्रिकक्राफ्ट प्रा. लि. (पहले एसटीआई सिक्योरिटीज प्रा. लि. के नाम से ज्ञात), ईस्ट वेस्ट फाइनेंस प्रा. लि., आरबीजी इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस लि., प्रियाकांत एच अमीन, शशि बाहेती, नम्रता बाहेती, दर्पण बाहेती, सुरेश बाहेती - एचयूएफ, घनश्याम बाहेती - एचयूएफ, घनश्याम बाहेती, पुष्पा गर्ग |
| २० | ५१७४९२ | एसटीआई प्रोडक्ट्स इंडिया लि.* | सुइट-बी, लेकव्यू फार्म रामगोंडानहल्ली, वरथुर मेन रोड, बेंगलुरु - ५६००६६, कर्नाटक | ० | ०५ सितम्बर २०२३ | ईडन एंटरप्राइजेस लि., कावामिन पैसिफिक प्रा. लि., पीथमपुर टूल्स प्रा. लि., आरबीजी इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस लि., एसटीआई फाइनेंस लि., हाइसन इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस प्रा. लि., गुडडील इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस पी, जीबी स्टील प्रा. लि., ईस्ट वेस्ट फाइनेंस प्रा. लि., डॉ. आरबी बाहेती, केएन गर्ग, इंदिरा गर्ग, पुष्पा गर्ग, घनश्याम बाहेती, रजनी बाहेती |
| २१ | ५११०२४ | सबवे फाइनेंस एंड इन्वेस्टमेंट कंपनी लि. | ईस्टर्न कोर्ट, बी विंग, पहली मंजिल, जंक्शन ऑफ तेजपाल, पार्लेश्वर रोड, विले पार्ले (ई), मुंबई - ४०००५७, महाराष्ट्र | १२.०३ | १२ नवंबर २०२३ | मनीषा भूपेन्द्र काढ़ी, सुकेतु भोगीलाल शाह, राहुल कांतिलाल शाह, नितिन कांतिलाल शाह, हर्षद कांतिलाल शाह, मयूर कांतिलाल शाह, कल्पेश कनुभाई शाह, हर्ष हर्षद शाह, संगीता कल्पेश शाह, जयश्री मयूर शाह, भावना सुकेतु शाह, अमिता राहुल शाह, भूपेन्द्र रतिलाल कढ़ी, राशेस सुरेशचंद्र शाह, विराज राहुल शाह, पार्थ मयूर शाह, नेहल नितिन शाह, कविश सुकेतु शाह, ईशान राहुल शाह, भाद्र नितिन शाह, अंकुर नितिन शाह, अक्षय कल्पेश शाह, शैली कविश शाह, जानकी नेहाल शाह, हेतू अंकुर शाह |

# 'कांग्रेस-द्रमुक एक सिक्के के दो पहलू'

## प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई में दी गई राहुल गांधी की टिप्पणी पर तमिलनाडु में बोला सीधा हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति' वाली टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर एक बार फिर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) समेत उसके सहयोगी दल शक्ति का 'विनाश' करना चाहते हैं, लेकिन वे खुद ही 'बरबाद' हो जाएंगे। कांग्रेस और उसकी दक्षिणी सहयोगी, तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक पर हमला बोलते हुए उन्होंने दोनों दलों को 'सिक्के के दो पहलू' करार दिया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार तथा वंशवाद की राजनीति के आरोप लगाए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सेलम में रोड शो किया फोटो-पीटीआई

राहुल गांधी के 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' वाले बयान पर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया था। बाद कांग्रेस नेता ने स्पष्टीकरण दिया कि वह किसी धार्मिक शक्ति की नहीं, बल्कि अधर्म, भ्रष्टाचार और झूठ की 'शक्ति' की बात कर रहे थे। उधर, प्रधानमंत्री ने कहा कि शक्ति का अर्थ मरियमन, मदुरै मीनाक्षीअम्मन और कांची कामाक्षीअम्मा जैसे राज्य के विभिन्न देवी-देवताओं से संबंधित है। राष्ट्रीय कवि सुब्रमण्यम भारती ने भारत माता को 'शक्ति' के रूप में पूजा है। उन्होंने कहा, 'तमिलनाडु उन्हें सजा देगा, जो शक्ति का नाश करने की बात करते हैं। मैं शक्ति उपासक हूं।' द्रमुक के बारे में उन्होंने कहा, 'यह सबको पता है कि जब दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता जीवित थीं तो पार्टी ने उनके साथ कैसा व्यवहार किया। यह द्रमुक का असली चेहरा है। वे महिला आरक्षण विधेयक का भी विरोध करते हैं। इस वजह से तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। द्रमुक के इस महिला विरोधी रवैये के खिलाफ 19 अप्रैल को वोट करें।'

अपने संबोधन के दौरान एक समय मोदी भावुक हो गए जब उन्होंने इसी जिले में 10 साल पहले मारे गए भाजपा के पदाधिकारी को याद करते हुए अपना भाषण रोक दिया।

इससे पहले प्रधानमंत्री खुली छत वाले वाहन से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस मौके पर ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से निष्कासित नेता ओ पनीरसेल्वम, पत्ताली मक्कल काची (पीएमके) संस्थापक एस रामदास और अम्मा मक्कल मुन्नेत्र कषगम (एएमएमके) के टीटीवी दिनाकरण भी मौजूद थे।

इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने केरल में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए मंगलवार को रोडशो किया। केरल में अभी तक भाजपा कोई खास चुनावी जीत हासिल नहीं कर पाई है। फूलों से सजे, खुली छत वाले वाहन में खड़े मोदी ने कोट्टामैदान अंचुविलाक्कु से सुबह करीब 10 बजकर 45 मिनट पर रोड शो शुरू किया और उनका काफिला शहर में हेड पोस्ट ऑफिस की ओर बढ़ा। प्रधानमंत्री तमिलनाडु के कोयंबत्तूर से एक हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचे थे। खुली छत वाले वाहन में मोदी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन और राजग उम्मीदवार सी. कृष्णकुमार तथा निवेदिता सुब्रमण्यम भी मौजूद थे। कृष्णकुमार पालक्कड़ निर्वाचन क्षेत्र और निवेदिता पोन्नानी सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। यहां उन्होंने सत्तारूढ़ वामपंथी दल और विपक्षी कांग्रेस नीत यूडीएफ पर भी निशाना साधा। **भाषा**

# 'अयोध्या होगा विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक केंद्र'

**दीपक पटेल**



**अयोध्या** दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक केंद्र बनने की राह पर है। राम मंदिर के निर्माण के बाद से इस पुरातन शहर का कायाकल्प शुरू हो गया है। पर्यटकों की संख्या को देखते हुए शहर के बुनियादी ढांचे में तेजी से सुधार किया जा रहा है। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत छतवाल ने कहा कि अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक केंद्र बनने जा रहा है। राम मंदिर के निर्माण के बाद से शहर के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव किया जा रहा है। रामलला के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि लॉकडाउन हटने के बाद लोगों के मन में घूमने की ललक बढ़ी है, इस कारण से पर्यटन उद्योग में हालिया उछाल देखी गई। उन्होंने कहा, 'लोग यात्रा कर रहे हैं क्योंकि उनकी खर्च करने की क्षमता बढ़ी है, उनकी प्राथमिकताएं बदल गई हैं। यह एक फील-गुड फैक्टर है।' मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया था। प्रीमियम ताज होटल और रिसॉर्ट्स का स्वामित्त्व रखने वाली आईएचसीएल ने अयोध्या में सेलेक्शन्स, विवांता और जिंजर ब्रांडों के साथ तीन होटल शुरू करने के लिए समझौते किए हैं।

छतवाल ने सोमवार रात चार्टर्ड अकाउंटेंसी फर्म पीकेएफ श्रीधर एंड संथानम की 45वीं वर्षगांठ समारोह में एक भाषण में कहा, 'देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्मारकों या मंदिरों को देखें। आध्यात्मिक पर्यटन बहुत बढ़ रहा है। मैं हाल ही में अयोध्या गया था और मैंने जो देखा उस पर विश्वास नहीं कर सका। ईमानदारी से कहूं तो अगर सब कुछ उसी तरह होता है जैसा मैं समझता हूं तो अयोध्या दुनिया के उन सबसे बड़े आध्यात्मिक स्थलों से भी बड़ा होगा जिनके बारे में आप जानते हैं।'

# दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी

**अभिजित कुमार**

**वायु** गुणवत्ता की लगातार खराब होती स्थिति की चिंताओं के बीच पिछले साल भारत 134 देशों में तीसरा सबसे प्रदूषित देश आंका गया। स्विस संगठन आईक्यू एयर की 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट-2023' शीर्षक से आई रिपोर्ट के अनुसार औसत वार्षिक पीएम2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के साथ भारत की स्थिति केवल अपने पड़ोसी देशों बांग्लादेश और पाकिस्तान से ही बेहतर है।

प्रदूषण के मामले में औसत पीएम2.5 सांद्रता 79.9 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के साथ बांग्लादेश दुनिया में पहले नंबर पर है, जबकि 73.5 के स्तर के साथ पाकिस्तान दूसरा सबसे प्रदूषित देश है। रिपोर्ट के अनुसार लगातार चौथे वर्ष दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित राजधानी शहर बना हुआ है। वर्ष




2023 में यहां पीएम2.5 सांद्रता 92.7 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज की गई, जो 2022 में 89.1 माइक्रोग्राम थी।

वर्ष 2022 के मुकाबले वायु गुणवत्ता की स्थिति और खराब हुई है। इस मामले में भारत औसत पीएम2.5 सांद्रता 53.3 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के साथ 8वें नंबर पर था। इस सूची में आश्चर्यजनक रूप से बिहार का बेगूसराय शहर भी आ गया है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र घोषित किया गया है। बेगूसराय को लेकर चौंकाने वाली बात यह है कि जो शहर पिछले साल वायु गुणवत्ता रैंकिंग में भी शामिल नहीं था, उसमें औसत पीएम2.5 सांद्रता 118.9 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज की गई।

आईक्यू एयर संगठन की वार्षिक रिपोर्ट में और भी निराशाजनक तस्वीर है, क्योंकि सरकार और आम नागरिकों की तमाम कोशिशों के बावजूद वायु प्रदूषण कम करने के सभी उपाय कम पड़ रहे हैं। आईक्यू एयर संस्था की 2022 के लिए तैयार रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत के लगभग 60 प्रतिशत शहरों में पीएम2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों से कम से कम सात गुना अधिक है। एक अनुमान के मुताबिक वैश्विक स्तर पर प्रत्येक नौ मौतों में एक का कारण वायु प्रदूषण रहा है।

# पूर्व राजदूत संधू भाजपा में हुए शामिल

**अमेरिका** में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। ऐसी संभावना है कि भाजपा उन्हें पंजाब के अमृतसर से लोक सभा चुनाव मैदान में उतार सकती है। पार्टी महासचिव विनोद तावड़े और तरुण चुघ की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



तरनजीत सिंह संधू

भाजपा में शामिल होते हुए संधू ने भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति के बारे में बात की और कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग जैसे कई क्षेत्रों में विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा को उनकी राजनीतिक पारी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह विकास उनके गृहनगर अमृतसर तक भी पहुंचना चाहिए। भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध साझेदारी में विकसित हुए हैं जो दोनों के लिए जीत की स्थिति है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इसका लाभ रोजगार के अवसरों और विकास के मामले में अमृतसर जैसे भारत के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचना चाहिए। **भाषा**

### भाजपा में आईं सीता सोरेन

**पूर्व** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और जामा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक सीता सोरेन ने पार्टी को झटका देते हुए मंगलवार को इस्तीफा दे दिया और लोक सभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले भाजपा में शामिल हो गईं।

उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।

# पशुपति पारस का केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा

**केंद्रीय** मंत्री पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्र सरकार से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि भाजपा लोक सभा चुनाव के लिए बिहार में सीट बंटवारे की बातचीत में शामिल नहीं करके उनकी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के साथ नाइंसाफी कर रही है।



पारस ने नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राज्य में अपने सीट-बंटवारा समझौते की घोषणा की थी और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) को 5 सीट देने का ऐलान किया था। पारस ने संवाददाता सम्मेलन में अपने इस्तीफे के बारे में संक्षिप्त बयान दिया, लेकिन अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कुछ नहीं बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल भाजपा के किसी सहयोगी दल के एकमात्र नेता पारस ने सीट-बंटवारे को लेकर नाखुशी जताने से पहले प्रधानमंत्री को बड़ा नेता बताते हुए उनका आभार जताया। **भाषा**


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| २२ | ५१७४०७ | टोयामा इलेक्ट्रिक लि.* | ३६ ए किआडीबी इंडस्ट्रियल एस्टेट होसकोटे, बेंगलुरु – ५६२११४, कर्नाटक | १५.७९ | ११ अक्टूबर २०२३ | फराह कमाल, मुस्तफा कमाल बाशा |
| २३ | ५१९३०३ | ट्रॉम्बो एक्सट्रैक्शन लि.* | १८–सी, ए.बी. रोड, तेजपुर ब्रिज, इंदौर – ४५२००१, मध्य प्रदेश | २.२२ | २० दिसंबर २०२३ | उर्मिला मनोज राजानी, हर्षिता राजानी, इंदिरा राजानी, नीलम दर्शन लाल राजानी, मीना राजानी, जगदीश के राजानी, अमित जवाहरलाल राजानी, संतोष जवाहरलाल राजानी, दिव्या राजानी, मनोज राजानी, जवाहर कन्हैयालाल राजानी |
| २४ | ५२३८६८ | यूबीई इंडस्ट्रीज लि.* | तीसरी मंजिल, आनंद निलयम, श्रीनिवास नगर कॉलोनी (पश्चिम), अमीरपेट, हैदराबाद – ५०००३८, तेलंगाना | ११.९९ | १२ नवंबर २०२३ | एन स्वरूपा रानी, एस सौधामिनी, एस उदय लक्ष्मी, एस रजनीश चंद्र, एस भारती, एस विजया भास्कर |
| २५ | ५३२११६ | एक्सओ इन्फोटेक लि. | ६ठी मंजिल, बी–विंग, बीडी पटेल हाउस, नारणपुरा रोड, अहमदाबाद – ३८००१४, गुजरात | १४.४४ | २५ जनवरी २०२४ | – |
| २६ | ५१२०१७ | एक्सडॉन ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड | बी–२०५, दूसरी मंजिल, विंग–बी, सुप्रीम बिजनेस पार्क, लेक कैसल बिल्डिंग के पीछे, हीरानंदानी गार्डन, पवई, मुंबई, महाराष्ट्र, ४०००७६ | ८.५८ | २६ फ़रवरी २०२६ | – |

**टिप्पणी :**

*कंपनी को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों का असूचीकरण) विनियम, २००९ के अंतर्गत असूचीकृत कर दिया गया है.

# एक्सचेंज ने प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियम १९५७ के नियम २१ (२) (बी) के संदर्भ में कंपनी को अनिवार्य रूप से एक्सचेंज के प्लेटफॉर्म से असूचीकृत कर दिया था, जो कहता है कि ''यदि प्रतिभूतियों को खंड (१) के अंतर्गत असूचीकृत कर दिया जाता है'' .. उक्त प्रतिभूतियाँ सभी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों से असूचीकृत हो जाएंगी'', क्योंकि एनएसई द्वारा कंपनी को असूचीकृत कर दिया गया था.

ऊपर दिया गया प्रमोटरों का नाम एक्सचेंज के पास उपलब्ध रिकॉर्डों या संबंधित आरओसी/आरटीए/डिपॉजिटरीज़ से प्राप्त रिकॉर्डों पर आधारित है.

कंपनियों को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि अनिवार्य असूचीकरण के परिणामों में शामिल हैं :

1) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों का असूचीकरण) विनियम, २००९ के अनुसार :-
- कंपनियों की प्रतिभूतियाँ सूचीकृत होना बंद हो जाती हैं और इसलिए एक्सचेंज के प्लेटफॉर्म पर व्यापार करने के लिए उपलब्ध नहीं होती हैं.
- इन असूचीकृत कंपनियों के प्रमोटरों के लिए एक्सचेंज द्वारा नियुक्त स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता द्वारा निर्धारित उचित मूल्य के अनुसार सार्वजनिक शेयरधारकों से शेयर खरीदना आवश्यक होगा.
- इसके अलावा, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों का असूचीकरण) विनियम, २००९ के विनियमन २४(१) के अनुसार, असूचीकृत कंपनी, उसके पूर्णकालिक निदेशक, उसके प्रमोटर और उनमें से किसी द्वारा प्रवर्तित कंपनियाँ अनिवार्य असूचीकरण की तिथि से १० वर्ष की अवधि तक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूति बाजार में प्रवेश नहीं कर पाएंगी या किसी भी इक्विटी शेयर के लिए सूचीकरण का प्रयास नहीं कर पाएंगी.
